कोटद्वार,मंगलवार
2 जनवरी 2024
वर्षः 45
अंकः 241 पृष्ठः 8
मूल्यः 2.00
RNI-35469/79

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com

स्थापित 1979

संस्थापक : स्व. नरेन्द्र उनियाल

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2021-23 फोनः 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com


## नए कानून के विरोध में हड़ताल पर निजी ट्रांसपोर्टर

### जगह–जगह प्रदर्शन, पुलिस ने बरसाए डंडे



देहरादून। केंद्र सरकार की ओर से एमवी एक्ट के नियमों में बदलाव को लेकर प्रदेश के निजी ट्रांसपोर्टर राष्ट्रव्यापी हड़ताल में शामिल हो गए हैं। आज से तीन दिवसीय हड़ताल शुरू हो गई है। ट्रांसपोर्टर की हड़ताल से ज्यादातर निजी बस, टैक्सी, मैक्सी, ट्रेवलर, विक्रम आदि हड़ताल पर हैं। ट्रांसपोर्टर केंद्र सरकार के खिलाफ जगह–जगह प्रदर्शन कर रहे हैं। इससे यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा।

प्रदेशभर में रोडवेज बसों का चक्काजाम है। सभी चालकों ने बस संचालन करने से इनकार कर दिया है। हजारों यात्री परेशान होकर इधर उधर भटक रहे हैं। किसी भी राज्य की रोडवेज बस भी नहीं आ रही और वहीं जो बसें कल बाहर गई थी, वो अब वापस लौट रही। अप्रत्याशित हड़ताल को लेकर किसी अधिकारी को जानकारी नहीं थी। रोडवेज के आला अधिकारी आइएसबीटी पर जमा हो गए। सरकार का खुफिया तंत्र भी माहौल भाप पाने में रहा विफल।

**बाहर से आने वाले वाहन रोके**

हड़ताल के क्रम में बाहर से आने वाले वाहनों को ऑटो व टैक्सी चालकों ने आइएसबीटी के पास मुस्कान चौक पर रोक दिया, जिससे वहां पर काफी भीड़ लग गई। मौके पर पहुंची पुलिस से प्रदर्शनकारियों की नोकझोंक हुई। इसके बाद भीड़ को तितर बितर करने के लिए पुलिस ने प्रदर्शनकारियों पर डंडे बरसाए। एमडी टैक्सी सर्विस से संचालक फरहाद ने बताया कि मामला बढ़ता देख कुछ प्रदर्शनकारियों को पुलिस आइएसबीटी चौकी ले गई।

## मुख्यमंत्री ने किया नेताजी सुभाष चन्द्र बोस आवासीय छात्रावास भवन का लोकार्पण

### निर्धारित समय से पहले उच्च गुणवत्ता के साथ तैयार हुआ आवासीय छात्रावास भवन



जयन्त प्रतिनिधि। देहरादून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को नव वर्ष के अवसर पर नेताजी सुभाष चन्द्र बोस आवासीय छात्रावास कौलागढ़ के भवन का लोकार्पण किया। इस भवन का शिलान्यास पिछले वर्ष मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने ही किया था। 04 करोड़ 09 लाख 40 हजार रूपये की लागत से बना यह भवन एक साल से कम समय में बनकर तैयार हुआ। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर इस छात्रावास के बच्चों को गणवेश पहनाये और कंबल भी प्रदान किये। मुख्यमंत्री ने आवासीय छात्रावास का अवलोकन भी किया और बच्चों को छात्रावास में दी जा रही सुविधाओं का जायजा भी लिया।

मुख्यमंत्री ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को पहले ही निर्देश दिये गये थे कि छात्रावासों में बच्चों को बेहतर गुणवत्ता के संसाधन उपलब्ध कराये जाएं। छात्रावास की बेहतर व्यवस्थाओं पर उन्होंने संतोष प्रकट किया। इस छात्रावास में 100 बच्चों के लिए आवासीय व्यवस्थाएं की गई है। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर घोषणा की कि कमजोर, अपवंचित एवं साधन विहीन वर्ग की बेटियों की शिक्षा के लिए बनाये गये कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में खोले गये छात्रावासों एवं नेताजी सुभाषचन्द्र बोस छात्रावास के निकटवर्ती 11 विद्यालयों का इंटर स्तर पर उच्चीकरण भी किया जायेगा। इस अवसर पर उन्होंने बोर्ड परीक्षाओं में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली बालिकाओं को सम्मानित भी किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि नये वर्ष की शुरूआत में बच्चों के बीच आकर उन्हें सुखद अनुभव हुआ है। पिछले वर्ष 02 जनवरी 2023 को इसी विद्यालय के परिसर से मुख्यमंत्री द्वारा राजकीय बालिका इण्टर कालेज कौलागढ़ के मुख्य भवन एवं नेताजी सुभाष चन्द्र बोस छात्रावास झड़ीपानी का लोकार्पण और नेताजी सुभाष चन्द्र बोस छात्रावास कौलागढ़ का भी शिलान्यास किया गया था। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस छात्रावास भवन का नाम नेताजी सुभाष चंद्र बोस के नाम पर है।


IHMS KOTDWAR
Institute of Hospitality, Management & Sciences
17 Years of Excellence in Education ESTD. 2006
"Journey Towards Excellence"
Veer Madho Singh Bhandari Uttarakhand Technical University, Sri Dev Suman Uttarakhand University, Hemvati Nandan Bahuguna Garhwal University (A Central University)
Approved By: All India Council of Technical Education (AICTE), Government of Uttarakhand and Ministry of Education
Admissions Open 2024-25
LIMITED SEATS
CHM
(CERTIFICATE IN HOTEL MANAGEMENT)
WINTER BATCH
Admissions Start For (January 2024)
JOB OPPORTUNITIES
RAMADA | CROWNE PLAZA | COUNTRY | COURTYARD Marriott | SAYAJI | PRIDE | TAJ | Marriott | RAFFLES
PROGRAMMES AVAILABLE
M.B.A. 2 Years | M.C.A 2 Years | B.H.M. 4 Years | B.B.A. 3 Years | B.C.A. 3 Years | B.Sc. IT 3 Years | C.H.M. 1 Year
Mob.: 7902000023, 8057726863
Balbhadrapur, B.E.L. Road, Kotdwar-246149(UK)
Email:Info@ihms.ac.in, ihmskotdwar1@gmail.com | Web: www.ihms.ac.in



# नववर्ष के पहले दिन मंदिरों में उमड़े श्रद्धालु

देहरादून। नए साल के पहले दिन मंदिरों में श्रद्धालु उमड़ पड़े। कई जगह मंदिरों में कतारें लगी हुई थी। लोगों ने नए साल के संकल्प समेत परिवार की सुख समृद्धि की कामना की। शहर के डाट काली मंदिर, टपकेश्वर समेत सभी प्रमुख मंदिरों में श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ रहा। सुबह से ही मंदिरों में श्रद्धालु पहुंच रहे थे। साल की शुरूआत अपने अपने आराध्य से मनोकामना मांगने समेत आध्यात्म की शरण में जाने वालों में युव वर्ग की तादाद भी काफी अधिक रही। इसके अलावा हर आयु वर्ग के महिला पुरूष श्रद्धालु भी मंदिरों में नजर आए। परिवार समेत लोगों ने मंदिर में दर्शन किए और इसके बाद घूमने निकल पड़े। कई स्थानों पर मंदिर में भंडारा प्रसाद की भी व्यवस्था थी। टपकेश्वर व डाट काली मंदिर, राजपुर रोड साईं मंदिर पहुंचने वालों की संख्या सर्वाधिक थी। डाट काली मंदिर के महंत रमन प्रसाद गोस्वामी ने बताया कि डाट काली मंदिर सिद्ध पीठ में विशेष मौकों पर भीड़ रहती ही है। नववर्ष से लोग अपने जीवन की नई शुरूआत करना चाहते हैं इसलिए वह मंदिर जैसी पवित्र जगहों पर भक्ति भावना के साथ आना पसंद करते हैं।

# सुनीता ठाकुर को हिरासत में लेने पर राज्य आंदोलनकारी भड़के

देहरादून। उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारी सयुंक्त मंच के तत्वावधान में राज्य आंदोलनकारियों को राजकीय सेवाओं में 10% क्षैतिज आरक्षण बहाल करने व चिन्हीकरण की प्रक्रिया पूर्ण करने की मांग को लेकर आंदोलन के सातवें दिवस पुलिस प्रशासन ने सुबह आंदोलनकारी सुनीता ठाकुर को हिरासत में ले लिया। बाद में ऑफिसर इंचार्ज शालिनी नेगी के इस आश्वासन पर कि आंदोलनकारियों की वार्ता मुख्यमंत्री से करवाई जायेगी पर सुनीता ठाकुर ने आत्मदाह की जिद छोड़ दी, आंदोलनकारी उन्हें अपने साथ शहीद स्मारक ले आए जहां वे आमरण अनशन पर बैठ गई हैं।पुलिस ने आत्मदाह की चेतावनी देने वाली राज्य आंदोलनकारी सुनीता ठाकुर को दर्शनलाल चौक से हिरासत में ले लिया था। जिन्हें पहले धारा चौकी व बाद में कोतवाली और उसके भी बाद लक्ष्मणचौक पुलिस चौकी लाया गया। सुनीता ठाकुर ने इस तरह हिरासत में लेने का विरोध किया।

सूचना मिलने पर अन्य राज्य आंदोलनकारी भी मौके पर पहुंच गए। आंदोलनकारियों का कहना था कि प्रशासन को सुनीता ठाकुर की बात सुनने के लिए शहीद स्मारक पर आना चाहिए। इस तरह से बीच सड़क पर हिरासत में लेना सही तरीका नहीं है। वह संवैधानिक रुप ये आंदोलन कर रही हैं। राज्य आंदोलनकारी के तीव्र विरोध व सुनीता ठाकुर द्वारा आत्मदाह की जिद छोड़ने पर पुलिस को उन्हें छोड़ना पड़ा। जिसके बाद आंदोलनकारी नारेबाजी करते हुए शहीद स्मारक पहुंच गए। सुनीता ठाकुर ने यहां आमरण अनशन शुरू कर दिया है। उनके समर्थन में उत्तरकाशी धनारी के बुजुर्ग आंदोलनकारी खुशपाल सिंह परमार ने भी अन्न जल त्यागने की घोषणा कर दी। उनका कहना था कि सरकार ज्यादा दिनों तक राज्य आंदोलनकारियों को बरगला नहीं सकेगी। उन्हें क्षैतिज आरक्षण व चिन्हीकरण पर स्थिति साफ करनी ही पड़ेगी। आंदोलनकारियों ने शहीद स्मारक पर सभा कर सुनीता ठाकुर को हिरासत में लेने की निंदा की। धरने में बैठने वालों में राम किशन, सुनीता ठाकुर, अंबुज शर्मा, सूर्यकांत शर्मा, सुरेश कुमार, सुरेंद्र पंवार, सरला शर्मा, जगदीश पन्त, कुन्ती शर्मा, किरण डोभाल, प्रदीप कुकरेती, लोक बहादुर थापा, सत्या पोखरियाल, शिव प्रसाद सेमवाल, राजेन्द्र पन्त, सुलोचना इष्टवाल, विपुल नौटियाल, मुन्नी खंडूड़ी, प्रभात डंडरियाल, रेखा शर्मा, अभिषेक बिष्ट, रामचन्द्र नौटियाल, मीरा गुसाईं, सरला शर्मा, नवनीत गुसाईं, प्रवीण पुरोहित आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### जमीन खरीद पर रोक सख्त भू कानून की दिशा में प्रभावी कदम : महेंद्र भट्ट

देहरादून। भाजपा ने कृषि भूमि पर बाहरी लोगों की खरीद पर लगाई रोक को सख्त भू कानून की दिशा में प्रभावी कदम बताया है। उन्होंने कहा कि सरकार इस संदर्भ में जनभावना के अनुरूप सख्त कानून लाने जा रही है। सोमवार को मीडिया को जारी बयान में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने कहा कि नववर्ष की पूर्व संध्या पर सरकार की ओर से लिया गया यह निर्णय राज्यवासियों की भावनाओं का सम्मान है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार सख्त भू कानून के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने मुख्यमंत्री धामी के फैसले की सराहना करते हुए कहा कि समाज के बीच से आने वाले विषयों को वह गंभीरता से लेकर तत्काल उचित एवं प्रभावी कदम उठाते हैं। इससे पूर्व भी सख्त भू कानून निर्माण की दिशा में पूर्व मुख्य सचिव की अध्यक्षता ने उच्च स्तरीय समिति गठन की गई थी। जिसकी रिपोर्ट को वरिष्ठ अधिकारियों वाली प्रारूप समिति संवैधानिक, तकनीकी एवं कानूनी पहलुओं की कसौटी पर परख रही है। इसी तरह कृषि भूमि की खरीद में आ रही गड़बड़ियों के संज्ञान में आते ही मुख्यमंत्री ने पहले इन पर जिलाधिकारी की रिपोर्ट जरूरी कर दी थी। लेकिन अब चूंकि भू कानून को लेकर प्रक्रिया निर्णायक दौर में है ऐसे में राज्य से बाहरी लोगों की खरीद पर पाबंदी सही और लोगों की शंकाओं को दूर करने वाला कदम है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि सरकार मूल निवास और भू कानून के विषय पर गंभीर है और जल्द ही इसके निर्णायक समाधान की दिशा में काम कर रही है।

### यूकेडी ने की मूल निवास 1950 लागू करने की मांग

देहरादून। उत्तराखंड क्रांति दल ने 2000 से ही मूल निवास 1950 लागू करने की मांग की है। सोमवार को यूकेडी महानगर ने इसके लिए दीन दयाल पार्क में धरना दिया।

इस दौरान दल के संरक्षक एनपी जुयाल ने कहा कि उत्तराखंड में 2000 से पूर्व मूल निवास प्रमाण पत्र मिलता था। लेकिन 2001 के बाद नई सरकार ने नई निवास प्रमाण पत्र की व्यवस्था बनाकर यहां पर स्थाई निवास प्रमाण पत्र दिया जाने लगा । इस व्यवस्था से बाहर से आने वाले लोगों तथा मूल निवासियों को एक ही श्रेणी में रखा गया। जिससे मूल निवासियों के हक में होने वाली नौकरियां एवं अन्य योजनाओं का लाभ राज्य से बाहर के लोग उठने लगे हैं। जबकि राज्य का मूल निवासी ठगा महसूस करने लगा है।



# राज्यपाल से मिले डीजीपी

देहरादून। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से नव वर्ष 2024 के अवसर पर राजभवन में कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल व कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने भेंट कर नव वर्ष की बधाई व शुभकामनाएं दी। इससे पूर्व राज्यपाल से प्रदेश के वरिष्ट अधिकारियों, विश्वविद्यालयों के कुलपतियों सहित राजभवन के अधिकारियों ने भेंट कर नव वर्ष की बधाइयाँ दी। राज्यपाल ने भी सभी को नए साल की बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उत्तराखण्ड को नए साल में नए संकल्प के साथ उत्तराखण्ड को सर्वश्रेष्ठ राज्य बनाने में अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान दें। इस अवसर पर मुख्य सचिव डॉ. एस. एस. संधु, अपर मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी, डीजीपी अभिनव कुमार सहित वरिष्ठ आईएएस, आईपीएस, आईएफएस अधिकारीण मौजूद रहे।

## महिला कांग्रेस का लापता अंकित सकलानी की वापसी को लेकर प्रदर्शन

देहरादून। महिला कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल ने शिप कंपनी में कार्यरत नेहरू ग्राम, देहरादून निवासी अंकित सकलानी की सकुशल वापसी की मांग की। प्रदेश महिला कांग्रेस की वरिष्ठ उपाध्यक्ष आशा मनोरमा डोबरियाल की अगुवाई में महिला कांग्रेस ने क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय में प्रदर्शन किया। साथ ही विदेश मंत्री को ज्ञापन भी भेजा।

आशा मनोरम डोबरियाल के मुताबिक अंकित सकलानी एक दिसंबर से ही शिप कंपनी में सेवा देना आरंभ की थी। इस बीच कंपनी की ओर से परिजनों को सूचना दी गई कि अंकित ने शिप से समुद्र में छलांग लगा दी। साथ ही अब कंपनी की ओर से कहा जा रहा है कि डेड बॉडी भी प्राप्त हो गई है। लेकिन परिजन कंपनी के दावों पर विश्वास करने को तैयार नहीं है। उन्होंने अंकित के लापता होने की जांच करने के साथ ही विदेश में स्थित भारतीय दूतावास से हस्तक्षेप करने की मांग की। साथ ही इस मामले के कंपनी का स्पष्टीकरण भी लिया जाए। महिला कांग्रेस की ओर से आरोप लगाया कि अभी तक भारतीय दूतावास और विदेश विभाग के अधिकारियों की ओर से अपेक्षित सहयोग नहीं मिल पा रहा है।

## नए साल पर टपकेश्वर में सुंदरकांड का पाठ

देहरादून। आंग्ल नववर्ष पर टपकेश्वर मंदिर प्रागंण में 17 वां संगीतमय सामूहिक सुंदरकांड पाठ विश्व शांति, देश के चहुंमुखी विकास और उत्तराखंड की सुख शांति की मंगल कामना के साथ किया गया।

पौराणिक श्री टपकेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण में पण्डित कमल जोशी और मण्डली ने आंग्ल नववर्ष पर 17 वां सामूहिक संगीतमय सुन्दर काण्ड का पाठ, भजन कीर्तन कर श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध किया। श्रद्धालुओं के लिए विशाल भंडारे का आयोजन भी किया गया। योगाचार्य डॉ. बिपिन जोशी श्रद्धालुओं से 22 जनवरी को अपने घरों में राम नाम के दीप जलाने के साथ साथ मन्दिरों, सार्वजनिक स्थलों में सामुहिक हनुमान चालीसा पाठ, भजन कीर्तन, सुन्दर काण्ड पाठ, अखंड रामायण पाठ आदि करने का आह्वान किया। उन्होने कहा कि पांच शताब्दी के संघर्ष के बाद लाखों राम भक्तों के बलिदान और सुप्रीम कोर्ट के आदेश से यह शुभ घड़ी आई है। वहीं पण्डित कमल जोशी ने सुमधुर भजनों के माध्यम से सभी भक्त झूम उठे। बाल तबला वादक निकुंज ध्यानी का सम्मान किया गया।

# कलश यात्रा के साथ देवभूमि ब्राह्मण समिति की श्रीमदभागवत कथा का आगाज

देहरादून। अखिल भारतीय देवभूमि ब्राह्मण जन सेवा समिति द्वारा विश्व कल्याण की भावना से आयोजित सप्त दिवसीय श्रीमदभागवत कथा की शुरूआत भव्य कलश यात्रा से हुई। 251 महिलाएं सिर पर कलश धारण कर शोभायात्रा के रुप में शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए कथा स्थल तक पहुंची। अखिल भारतीय देवभूमि ब्राह्मण जन सेवा समिति के सातवें वार्षिक उत्सव का आगाज शिवाजी धर्मशाला में कलश यात्रा से किया गया। पहले दिन के यजमान एमसी शर्मा के परिवार द्वारा मूल पूजा पंडित गोकर्ण शास्त्री, पंडित शुभम भारद्वाज ने करवाई। शोभायात्रा में सैकड़ों महिला व भक्त समूह 108 धर्म ध्वजा लेकर घोड़ा बग्गी, बैंड बाजे के साथ शामिल हुए। शोभायात्रा शिवाजी धर्मशाला से शुरू होकर मातावाला बाग, पटेलनगर, लालपुल, आदर्श मंदिर, विजय रतूड़ी मार्ग होते हुए गुरु रोड स्थित राज पैलेस कथा स्थल पहुंची। दोपहर में कथा के प्रथम दिवस यजमानों ने वृंदावन के आए कथा व्यास आचार्य शाश्वत भार्गव महाराज व आचार्यों का तिलक किया। शास्वत भार्गव ने भागवत कथा महात्म्य से कथा आरंभ की। अखिल भारतीय देवभूमि ब्राह्मण जन सेवा समिति केन्द्रीय अध्यक्ष अरुण शर्मा ने बताया कि कथा स्थल पर श्री राम जन्मोत्सव प्रसंग पर 496 घी के दीपक प्रज्वलित कर दीप उत्सव भी मनाया जाएगा। कथा के चौथे दिन कृष्ण जन्म पर बालकृष्ण बनकर आने वाले बच्चों को उपहार दिए जाएंगे। इसके अलावा कथा आयोजन स्थल पर रचनात्मक कार्यक्रम के दौरान बच्चों के लिए चित्रकला प्रतियोगिता, महिलाओं के लिए मेहंदी लगाने की व्यवस्था भी रहेगी। कथा में आने वालों से नित्य कुछ प्रश्न पूछे जाएंगे। सही जवाब देने वालों को चांदी के सिक्के, फूड कूपन, कम्बल उपहार दिए जाएंगे। कथा में शैल शिखर सामाजिक संस्था, देवभूमि ब्राह्मण नारी शक्ति, श्री नर्वदेश्वर महादेव सेवा समिति, श्री आदर्श मंदिर देहरादून, द्वारका माई संगठन संजय कॉलोनी व श्री हरि कथा आयोजन समिति का सहयोग रहेगा। मौके पर सुभाष चंद्र सतपति, लालचंद शर्मा, रुचि शर्मा, सुशीला शर्मा, पद्मा रतूड़ी, रजत शर्मा, जय कुमार भारद्वाज, विद्या भारद्वाज, रचना शर्मा, अमिता शर्मा, आशीष कौशिक, अभिषेक भारद्वाज, वासु वशिष्ठ, अर्पित शर्मा, अनुराग गौड़, अंजली शर्मा, प्रिया पांडे, डिम्पल शर्मा, शालिनी गौड़, श्वेता शर्मा, लक्ष्मी कौल, देवाशीष गौड़, राज गीता शर्मा मौजूद रहे।

## कॉमरेड सफदर हाशमी को किया याद

देहरादून। कामरेड सफदर हाशमी को शहादत दिवस पर सोमवार को याद किया गया। इस दौरान गांधी पार्क में एसएफआई,जन संवाद और भारत ज्ञान विज्ञान समिति की ओर से संगोष्ठी व जनगीतों की प्रस्तुति दी गई कार्यक्रम वरिष्ठ माकपा नेता सुरेन्द्र सिंह सजवाण की अध्यक्षता में शुरू हुआ। मुख्य वक्ता डीएवी महाविद्यालय के प्रोफेसर डॉ राजेश पाल ने अभिव्यक्ति की आजादी व हमारा संविधान विषय पर संक्षेप में बात रखी। उन्होंने सत्ता की शक्ति का दुरुपयोग करने की बात कही। उन्होंने अभिव्यक्ति के अधिकारों के बारे में बताते हुए कहा कि वर्तमान में लोकतंत्र पर बड़ा हमला किया जा रहा है।

## प्रेस क्लब की कार्यकारी गठित, नागेंद्र उनियाल बनें अध्यक्ष

**कोटद्वार** : कोटद्वार प्रेस क्लब की नवीन कार्यकारणी का गठन करते हुए दैनिक जयंत के संपादक नागेंद्र उनियाल को अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी दी गई है। इस दौरान नवनियुक्त पदाधिकारियों ने पत्रकारों के हितों को लेकर कार्य करने का संकल्प लिया। प्रेस क्लब के पुर्नगठन हेतु जनपद गढ़वाल के पत्रकारों की बैठक आयोजित की गई। जिसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष नागेंद्र उनियाल, उपाध्यक्ष विकास वर्मा, राजेंद्र शिवाली, सुधांशु थपलियाल, गौरव गोदियाल, सचिव अवनीश कुमार, सह सचिव रोहित लखेड़ा, कोषाध्यक्ष जितेंद्र भाटिया को नियुक्त किया गया। जबकि, कार्यकारणी सदस्य की जिम्मेदारी चंद्रपाल सिंह रावत, पंकज पसबोला, महावीर सिंह, अतुल रावत, रोशन कोटनाला को दी गई। बैठक में नवनियुक्त पदाधिकारियों ने पत्रकारों के हितों को लेकर कार्य करने का संकल्प लिया। कहा कि जल्द ही पत्रकारों की विभिन्न समस्याओं के निराकरण को लेकर बैठक भी आयोजित की जाएगी।

## बीडीसी 4 जनवरी को

**पौड़ी** : क्षेत्र पंचायत बीरोंखाल की बीडीसी बैठक आगामी 4 जनवरी को ब्लॉक मुख्याल में अयोजित की जाएगी। खण्ड विकास अधिकारी जयपाल सिंह पयाल ने जानकारी देते हुए बताया कि बैठक में सभी अधिकारी, प्रधान, बीडीसी मेंबर उपस्थित होंगे।

## मूल निवास 1950 लागू करने की मांग

**पौड़ी** : उक्रांद व राज्य आंदोलनकारियों ने चाकीसैंण तहसील के माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन भेजकर जल्द ही प्रदेश में मूल निवास 1950 लागू करने की मांग की है। सोमवार को चाकीसैंण क्षेत्र के राज्य आंदोलनकारियों व उक्रांद ने राज्यपाल को भेजे ज्ञापन में कहा कि देश के अन्य राज्यों की तरह प्रदेश में भी स्थाई निवास के बदले मूल निवास की कट आफ डेट 1950 लागू की जाए। जिससे यहां के मूल निवासियों के मौलिक अधिकारों की रक्षा हो सके। इस मौके पर उक्रांद के मुरारी नौड़ियाल, आंदोलनकारी दौलत राम पोखरियाल, जीतराम, मनवर, विनोद चौहान, शकुंतला नौड़ियाल, अरविंद, चक्रधर, शिवा भट्ट आदि शामिल रहे।

## आज शिविर में दी जाएगी योजनाओं की जानकारी

**सतपुली** : विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत नगर पंचायत के राजकीय कन्या माध्यमिक विद्यालय परिसर में मंगलवार को विभिन्न विभागों स्वास्थ्य, जल संस्थान, विद्युत विभाग, खाद्य आपूर्ति, उद्यान विभाग, पशुपालन विभागों के द्वारा केंद्रीय एवं राज्य पोषित योजना संबंधी स्टॉल लगाए जाने जाएंगे। जिससे लोगों को योजनाओं से अवगत कराया जा सके। नगर पंचायत सतपुली अधिशासी अधिकारी सीमा रावत ने बताया कि शिविर के माध्यम से योजनाओं की जानकारी भी लोगों को दी जाएगी।

# छात्र-छात्राओं को उद्यमिता एवं स्टार्टअप के लिए किया प्रेरित

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : देवभूमि उद्यमिता योजना के ब्रीफिंग सेशन में फैकल्टी एवं छात्र-छात्राओं को उद्यमिता एवं स्टार्टअप के लिए किया गया प्रेरित किया गया।

राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोटद्वार में उत्तराखण्ड सरकार की रोजगारपरक "देवभूमि उद्यमिता योजना" के अंतर्गत प्राचार्य प्रोफेसर जानकी पंवार की अध्यक्षता में कार्यशाला आयोजित की गई। जिसमें भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान अहमदाबाद, गुजरात से प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके महाविद्यालय देवभूमि उद्यमिता केंद्र के नोडल अधिकारी डॉ. एसके गुप्ता तथा भौतिक विज्ञान विभाग के प्राध्यापक डॉ. मुकेश रावत ने महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं एवं फैकल्टी के साथ प्रशिक्षण में प्राप्त अनुभव साझा किये। उन्होंने योजना के उद्देश्यों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए बताया कि उत्तराखंड सरकार, भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान, अहमदाबाद के सहयोग से इस योजना के माध्यम से पचास हजार छात्रों को उद्यमिता एवं स्टार्टअप के प्रति जागरूक करने का कार्य करेगी, जिसके लिए प्रदेश भर में 125 उद्यमिता केंद्रों की स्थापना की जा रही है तथा 350 से अधिक शिक्षकों को उद्यमिता विकास के लिए प्रशिक्षण दिया जाएगा। बताया कि




आयोजित कार्यशाला में भाग लेते शिक्षक व अन्य

सरकार का लक्ष्य देवभूमि उद्यमिता योजना के अंतर्गत 15000 नए उद्यमों की स्थापना करके चालीस हजार रोजगार के नए अवसर पैदा करना है। जिससे राज्य से हो रहे पलायन को रोका जा सकेगा।

उन्होंने बताया कि महाविद्यालय में शीघ्र ही एक दिवसीय कार्यशाला एवं दो दिवसीय बूट कैंप के माध्यम से उद्यमिता एवं स्टार्टअप के प्रति जागरूकता बढ़ाने का कार्य किया जाएगा, जिसमें से 30 चयनित छात्रों हेतु एक 12 दिवसीय उद्यमिता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम भी आयोजित किया जाना प्रस्तावित है। उन्होंने उत्तराखंड के उत्पादों, पर्यटन, आतिथ्य उद्योग, योग, होम स्टे योजना, आयुर्वेद, मत्स्य पालन इत्यादि के बारे में भी व्यापक चर्चा की। इस अवसर पर डॉ. मुकेश रावत ने उद्यमिता तथा स्टार्टअप के क्षेत्र में नवीन वैज्ञानिक तकनीकों के प्रयोग पर विस्तार से चर्चा की।

भूगोल विभाग के प्राध्यापक डॉ. किशोर सिंह चौहान ने उत्तराखंड राज्य में उपलब्ध संसाधनों के माध्यम से उद्यमिता विकास पर जोर दिया।

इस अवसर पर महाविद्यालय के बीएससी तृतीय वर्ष के छात्र अधिप राज रिठियल एवं कुलदीप सिंह ने भी अपने द्वारा स्थापित किए गए स्टार्टअप के अनुभव साझा किये। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर जानकी पंवार ने उद्यमिता एवं स्टार्टअप के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि महाविद्यालय तथा कोटद्वार के आसपास के क्षेत्र के युवाओं को उद्यमिता, स्टार्टअप, कौशल विकास तथा स्वरोजगार हेतु जागरूक एवं प्रोत्साहित करने का कार्य महाविद्यालय उद्यमिता केंद्र द्वारा शुरू किया जा चुका है। उन्होंने स्थानीय युवाओं एवं छात्रों में प्रतिभा व कौशल की खोज करने, उद्यमिता और स्टार्टअप के प्रति जागरूकता बढ़ाने, विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी देने, उद्यमिता हेतु फंडिंग उपलब्ध करवाने पर जोर दिया।

उन्होंने बताया कि जनपद पौड़ी गढ़वाल में उद्यमिता विकास की अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा कि देव भूमि उद्यमिता योजना इस क्षेत्र के विकास के लिए बहुत ही कारगर साबित होगी। कार्यक्रम का संचालन डॉ. प्रियंका अग्रवाल द्वारा किया गया। इस अवसर पर डॉ. सुनीता नेगी, डॉ. रिचा जैन, डॉ. अंशिका बंसल, डॉ. सुरेश कुमार, डॉ. नवरत्न सिंह, डॉ. नंदी गढ़िया, डॉ. स्मिता तिवारी, डॉ. विनोद सिंह, डॉ .तृप्ति दीक्षित, डॉ. संदीप अग्रवाल, डॉ. धर्मेंद्र कुमार, डॉ. कविता रावत, डॉ. ज्ञानेश पांडे, डॉ. विमल त्यागी, डॉ. अंकिता भट्ट आदि प्राध्यापक एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# नए साल के पहले दिन जाम हुए रोडवेज बसों के पहिये

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : नए कानून के विरोध में सोमवार को रोडवेज बस चालकों की हड़ताल रही। मैदान के साथ ही पहाड़ी क्षेत्रों के लिए बसों का संचालन नहीं होने से यात्रियों को समस्याओं का सामना करना पड़ा। पूरे दिन यात्री वाहनों की तलाश में इधर से उधर भटकते हुए नजर आए।

कोटद्वार को गढ़वाल का प्रवेश द्वार कहा जाता है। यहां से पहाड़ के साथ ही दिल्ली, देहरादून, गुरुग्राम सहित अन्य मैदानी क्षेत्रों के लिए बसों का संचालन किया जाता है। लेकिन, नव वर्ष पर रोड़वेज की हड़ताल होने से यात्रियों को वाहनों की तलाश में इधर-उधर भटकना पड़ा। बस चालकों ने बताया कि केंद्र सरकार के नए कानून के विरोध में हड़ताल का आह्वान किया गया है। चालकों ने हिट एंड रन केस के नए प्रावधान को लेकर केंद्र सरकार की ओर से लागू नए प्रावधान को लेकर नाराजगी जताई। चालकों ने सरकार से इस प्रस्तावित कानून पर पुनः विचार करने की मांग की। कहा कि केंद्रीय मंत्रीमंडल ने वाहन से दुर्घटना होने पर चालक को 10 वर्ष का



कोटद्वार रोडवेज डिपो के समीप सड़क पर खड़ी रोडवेज की बसें

करावास और पांच लाख अर्थदंड वसूलने का प्रावधान किया है। एक जनवरी 2024 से तीन जनवरी तक तीन दिन देशव्यापी हड़ताल रहेगी। कहा कि केंद्र सरकार के इस नए प्रावधान ने चालकों में खौफ पैदा कर दिया है। चालकों के हित को देखते हुए सरकार को कानून लागू करने से पहले विचार करना चाहिए।

## बॉक्सिंग चैंपियनशिप में कोटद्वार छात्रावास का दिखा जलवा

**कोटद्वार** : हरिद्वार में आयोजित खेल महाकुंभ बॉक्सिंग चैंपियनशिप में कोटद्वार छात्रावास के बॉक्सरों ने अपने हुनर का जलवा बिखेरा। उन्होंने सात स्वर्ण, चार रजत और पांच कांस्य पदक अपने नाम किए। पौड़ी जनपद की अंडर-19 की टीम ने पूरे राज्य में प्रथम और अंडर-17 की टीम ने राज्य में दूसरा स्थान हासिल किया। इन मुक्केबाजों ने कोटद्वार और पौड़ी जिले का मान बढ़ाया है। कोटद्वार छात्रावास के कोच श्याम सिंह डांगी ने बताया कि हरिद्वार में 29 से 31 दिसंबर तक खेल महाकुंभ बॉक्सिंग चैंपियनशिप आयोजित हुई। प्रतियोगिता में कोटद्वार छात्रावास के धर्मेंद्र थापा, अयान खान, करन, दीपक नेगी, हिरदेश बघरी, हेमंत गड़िया, दिव्यांशु बिष्ट ने स्वर्ण पदक अपने नाम किए। वहीं, मयंक बिष्ट, अभिषेक बिष्ट, राज सिंह, वैशाली ने रजत पदक जीते। धीरज कोरंगा, वंश खाती, अनश, स्पर्श गुसाई, अंशवीर ने कांस्य पदक अपने नाम किए। जिला क्रीड़ाधिकारी अनूप बिष्ट, स्टेडियम प्रभारी संदीप कुमार डुकलान, हॉकी कोच महेश्वर नेगी, क्रिकेट कोच सुधीर नेगी, फुटबाल कोच महेंद्र सिंह, वॉलीबाल कोच विक्रम सिंह, एथलेटिक कोच मान सिंह थापा, व्यायाम प्रशिक्षक प्रवीण बिष्ट ने खिलाड़ियों की जीत पर उन्हें बधाई और शुभकामनाएं देते हुए उनके कोच श्याम सिंह डांगी के प्रयासों की सराहना की है।

# नव वर्ष पर सिद्धबली मंदिर में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

## भक्तों ने घंटो लाइन में खड़े रहकर किए बाबा के दर्शन

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : नव वर्ष-2024 के पहले दिन श्री सिद्धबली मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी रही। घंटों लाइन में खड़े रहकर श्रद्धालुओं ने बाबा के दर्शन कर अपने परिवार के लिए सुख-शांति की कामना की।

सुबह से ही दर्शन को पहुंच रहे भक्तों के कारण मंदिर को जाने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग पर जाम की स्थिति भी देखने को मिली। हालांकि पुलिस कर्मी लगातार यातायात व्यवस्था सुधारने में जुटे हुए थे।

सोमवार सुबह से ही श्रद्धालुओं के श्री सिद्धबली मंदिर पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया था। श्री सिद्धबली बाबा के दर्शन करने के लिए श्रद्धालुओं को घंटों लाइन में इंतजार करना पड़ा। श्रद्धालुओं ने बाबा के दर्शन कर अपने परिवार की खुशहाली की कामना की। इस



कोटद्वार के श्री सिद्धबली मंदिर में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



सिद्धबली मंदिर को जाने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग पर लगा वाहनों का जाम

दौरान श्रद्धालुओं ने मन्नत भी मांगी। साथ ही भंडारे का प्रसाद ग्रहण कर पुण्य भी अर्जित किया। उत्तर प्रदेश के बिजनौर से पहुंचे राघव सिंह ने बताया कि वह प्रतिवर्ष नववर्ष पर बाबा के दर्शन को पहुंचते हैं। श्री सिद्धबली बाबा से उनकी अटूट श्रद्धा जुड़ी है।

## राष्ट्रीय राजमार्ग पर लगा जाम

मंदिर में भारी भीड़ के कारण मंदिर की ओर जाने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग के साथ ही सनेह की ओर जाने वाले मार्ग पर जाम लगा रहा। दरअसल, नववर्ष के मौके पर मैदानी क्षेत्रों से बड़ी तादाद में पर्यटक लैंसडौन की ओर जा रहे थे। साथ ही कई ऐसे भी पर्यटक थे, जो नववर्ष का जश्न मनाकर लैंसडौन से वापस लौट रहे थे। हालांकि इन वाहनों की आवाजाही बुद्धा पार्क-महाविद्यालय रोड, घराट होते हुए-देवीमंदिर-कौड़ियों को करवाई जा रही थी।

## रंगारंग कार्यक्रमों के साथ एनएसएस शिविर शुरू

**श्रीनगर गढ़वाल** : सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज श्रीकोट का सात दिवसीय एनएसएस शिविर सोमवार को रंगारंग कार्यक्रमों के साथ शुरू हुआ। इस मौके पर एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी सुरेश गैरोला ने शिविर की रूपरेखा रखी। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि गढ़वाल विवि के बिड़ला परिसर की एनएसएस इकाई की कार्यक्रम अधिकारी डा. किरन वर्मा ने एनएसएस शिविर का शुभारंभ करते हुए कहा कि उन्होंने अपने छात्र-काल में जो भी विद्यार्थी एनएसएस से जुड़ते है वे आजीवन सामाजिक मर्म को न केवल समझते है बल्कि समाज में हर पल किसी न किसी रूप में सामाजिक चेतना लाने में प्रयासरत रहते है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विद्यालय के प्रबंधक हयात सिंह झिक्वांण ने कहा कि एनएसएस स्वयं सेवक राष्ट्र के सामाजिक विकास का सच्चा प्रहरी होता है। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य भीमराज बिष्ट, डॉ. सरिता उनियाल, आरती रावत, तृप्ति भास्कर, यशपाल चौहान सहित आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

# बच्चों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मोहा मन

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : जय देव भूमि फाउंडेशन की ओर से उत्तराखंड सांस्कृतिक महोत्सव का आयोजन किया गया। इस दौरान बच्चों की रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

मालवीय उद्यान में आयोजित कार्यक्रम में विद्यालयों की जूनियर वर्ग की प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने गढ़वाली, कुमाउंनी, जौनसारी गीतों पर शानदार लोक नृत्यों की प्रस्तुतियां दी गई।

तत्पश्चात सीनियर वर्ग की प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। इससे पूर्व, तुलसी दिवस की कलश यात्रा में प्रतिभाग करने वाली कीर्तन मंडलियों को भी फाउंडेशन की तरफ से स्मृति चिह्न व मेडल देकर सम्मानित किया गया। फाउंडेशन के अध्यक्ष शिवानंद लखेड़ा ने कहा कि हर साल की भांति इस वर्ष भी तुलसी दिवस मनाए जाने का कार्यक्रम निर्धारित था, लेकिन कोटद्वार के




**आयोजित कार्यक्रम में सांस्कृति नृत्य प्रस्तुत करते बच्चे**

सपूत गौतम कुमार के बलिदान हो जाने के बाद इस कार्यक्रम को स्थगित कर दिया गया था। बताया कि स्थगित कार्यक्रम को नववर्ष पर किया गया।

कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रम में स्कूली बच्चों ने बढ़-चढ़ कर प्रतिभाग कर अपने हुनर का बेहतर प्रदर्शन किया। संचालन धनपाल सिंह रावत व पारितोष रावत ने संयुक्त रूप से किया।

## सख्ती के साथ लागू किया जाएं भू-कानून

**कोटद्वार :** प्रदेश में भू-कानून लागू करने की मांग को लेकर उत्तराखंड क्रांति दल ने तहसील परिसर में धरना दिया। कहा कि प्रदेश सरकार को सख्ती से भू-कानून लागू करना चाहिए। इस संबंध में उपजिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को प्रेषित ज्ञापन में इकाई के पदाधिकारियों ने कहा है कि प्रदेश की परिसंपत्तियों पर जिस तरह से बाहरी लोग कब्जा कर रहे हैं। उसको मद्देनजर रखते हुए प्रदेश में सख्त भू-कानून बनाया और लागू किया जाना चाहिए। साथ ही ज्ञापन में प्रदेश में मूल निवास 1950 लागू करने की मांग भी की गई है। ज्ञापन प्रेषित करने वालों में जिलाध्यक्ष मुकेश बड़थ्वाल, गुलाब सिंह रावत, हयात सिंह, पुष्कर सिंह, दुर्गा काला और महेंद्र सिंह रावत आदि थे।



# माँ ने दिखाई हिम्मत, गुलदार से बिटिया को बचाया

## जयहरीखाल ब्लाक के अंतर्गत ग्राम सभा नौगांव की घटना

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : जयहरीखाल ब्लाक के ग्राम नौगांव में एक माँ ने अपनी हिम्मत का परिचय देते हुए गुलदार के चंगुल में फंसी बटिया को बचा दिया। हर कोई ग्रामीण इस मां की हिम्मत की दाद दे रहा है। वहीं, क्षेत्र में बढ़ रही गुलदार की धमक से ग्रामीणों में खौफ बना हुआ है। शाम ढलते ही ग्रामीणों का घरों से बाहर निकलना भी मुश्किल हो गया है। ग्रामीणों ने वन विभाग से गुलदार के आतंक से निजात दिलवाने की मांग की है।

जयहरीखाल ब्लॉक के ग्राम सभा नौगांव के ग्राम बिंताला में प्रिया (8 वर्ष) पुत्री पीताम्बर अपनी माँ रेखा देवी के साथ घर के समीप खेत में गई थी। माँ से महज 5 मीटर की दूरी पर खड़ी प्रिया पर खूंखार बाघ ने हमला करके नीचे गिरा दिया।

उसी समय रेखा देवी भी जोर-जोर से चिल्लाते हुए बाघ की तरफ तेजी से दौड़ी। रेखा के इतने करीब पहुंच जाने से बाघ नीचे गिरी प्रिया पर दूसरा वार नहीं कर पाया और वहां से छलांग लगाकर नीचे के खेत में दुबक गया। फिर अन्य महिलाओं ने भी शोरगुल किया तो बाघ जंगल की तरफ भाग गया। बाघ के इस झपट्टे में प्रिया को नाखूनों से मामूली खरोचें आई हैं, जिसका ईलाज उप स्वास्थ्य केन्द्र असनखेत में कार्यरत डॉ. दीवान नेगी द्वारा किया गया। घटना की सूचना मिलने पर उपजिलाधिकारी लैंसडौन शालिनी मौर्य द्वारा घटना स्थल का निरीक्षण किया गया। ग्राम सभा नौगांव प्रधान मुकेश चंद्र सामाजिक कार्यकर्ता जीवानंद पहाड़ी, जनसेवा मंच के सदस्य सन्तुदास, पूर्व प्रधान चंद्रपाल रावत, आदित्य द्विवेदी, क्षेत्र पंचायत सदस्य सुनील कुमार आदि ने बिंताला क्षेत्र में अविलंब पिंजड़े लगाने की मांग वन विभाग और प्रशासन से की है। वन विभाग को उपजिलाधिकारी लैंसडौन ने आवश्यक कार्यवाई हेतु निर्देशित किया है।

## पौड़ी में निकाली अक्षत कलश यात्रा

पौड़ी : पौड़ी में नवनिर्मित श्रीराम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर अक्षत कलश यात्रा निकाली गई। इस दौरान यात्रा लक्ष्मीनारायण मंदिर से धारा रोड, अपर बाजार होते हुए डीएवी तक गई।

यात्रा में जिला पंचायत अध्यक्ष शांति देवी, विधायक राजकुमार पोरी, बीजेपी जिलाध्यक्ष सुषमा रावत आदि शामिल रहे। वहीं, पाबौ में अयोध्या में नवनिर्मित श्रीराम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर अक्षत कलश यात्रा निकाली गई। यात्रा में शामिल लोगों ने जय श्रीराम के नारे लगाए। सोमवार को पाबौ ब्लाक के महिला मंगल दल सहित विभिन्न हिंदूवादी संगठनों के कार्यकर्ताओं के द्वारा भव्य अक्षत मंगल कलश यात्रा निकाली गई। सरणा, भट्टी गांव से होकर चोपड्यु पाबौ प्रांगण से आरंभ हुई उक्त अक्षत यात्रा बाजार की परिक्रमा करते हुए से सिमखेत पुल पर पहुंची। फिर वहां से वापस खुड़ेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण पर जाकर समाप्त हुई। यात्रा में आयोजक नरेंद्र भंडारी, संजय ममगांई, नरेंद्र रावत, भरत सिंह, विमल नेगी, संजय नौटियाल, दुर्गेश थपलियाल, दीपक रावत, त्रिलोक सिंह, मिंटू कंडारी, हरेन्द्र कोहली, रमेश भंडारी, गंगा सिंह, विनीता देवी, दीपेश्वरी देवी आदि शामिल रहे।

# जिलाधिकारी ने लगाई श्रीकोट नर्सिंग कॉलेज की छात्राओं की क्लास

## कहा राष्ट्र और अपने प्रति कर्तव्य के लिए जरूरी है मतदान करना

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ी : जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान द्वारा 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुकी बालिकाओं के मतदाता सूची में पंजीकरण तथा स्थानीय स्तर पर ही पंजीकरण की जानकारी लेने के संबंध में डोभ श्रीकोट नर्सिंग कॉलेज का स्थलीय निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने एक शिक्षक की भांति बालिकाओं को जहां सख्त लहजे में एक तरह से डांटा भी तो दूसरी तरफ से अभिभावक की भांति विनम्रता से उनको राष्ट्र के प्रति कर्तव्य को भी भली-भांति समझाया।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने पाया की बड़ी संख्या में बालिकाओं द्वारा स्थानीय स्तर पर निर्वाचक नामावली में पंजीकरण नहीं कराया गया है। जिस पर जिलाधिकारी ने एक प्रशासक अभिभावक और एक शिक्षक की भांति संबंधित छात्राओं की क्लास लेते हुए उनको राष्ट्र के प्रति और राष्ट्र के नागरिक होने के चलते अपने प्रति



**डीएम डॉ. आशीष चौहान श्रीकोट नर्सिंग कॉलेज में मतदाता पंजीकरण के बारे में जानकारी लेते हुए।**

कर्तव्य को समझाया।

जिलाधिकारी ने सख्त लहजे में कहा कि जिनको आगे चलकर विभिन्न क्षेत्रों में देश का प्रतिनिधित्व करना है वह अगर राष्ट्र के प्रति अपना फर्ज भूल जाए तो इससे बड़ी बिडंबना नहीं हो सकती। विशेष कर महिलाओं का मतदान में आधिकारिक प्रतिभाग इस नजरिया से भी महत्वपूर्ण हो जाता है कि महिलाओं ने इतिहास में अपने अधिकारों और मतदान के अधिकार के लिए संघर्ष किया है तथा आज भी पुरूष के मुकाबले उसना मत प्रतिशत संतोषजनक नहीं है।

आज सरकार, अभिभावक और स्थानीय प्रशासन मतदान में प्रतिभाग करवाने के लिए जोर-शोर से अभियान चला रहा है उसके बावजूद भी अपनी जिम्मेदारी न समझना बिल्कुल भी उचित नहीं है।

जिलाधिकारी ने नायब तहसीलदार, नर्सिंग कॉलेज डोभ श्रीकोट की प्रधानाचार्य, क्षेत्रीय पटवारी और बीएलओ को नर्सिंग कॉलेज में अध्यनरत छात्राओं का नाम स्थानीय निर्वाचक नामावली में दर्ज करने हेतु जल्द कैम्प लगाने के निर्देश दिये हैं। जिससे वे स्थानीय स्तर पर ही मतदान कर सके। उन्होंने कहा कि छात्राओं के तत्काल फॉर्म-6 भरवाते हुए उनका नाम स्थानीय मतदाता सूची में दर्ज करें तथा उसकी रिपोर्ट प्रस्तुत करने के भी निर्देश दिये हैं। इस अवसर पर प्रधानाचार्य मिनू परगांई, नायब तहसीलदार हरेंद्र खत्री, स्थानीय राजस्व निरीक्षक व नर्सिंग कॉलेज के छात्राएं उपस्थित थे।

## कच्ची शराब के 382 पाउच पकड़े

**हल्द्वानी।** नए साल की रात पुलिस ने अवैध रूप से बिक रही कच्ची शराब के पाउच जब्त कर उन्हें बेचने वाले के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। मुखानी के आम्रपाली चौकी प्रभारी दीवान सिंह ग्वाल टीम के साथ लामाचौड़ चौराहे पर चेकिंग कर रहे थे। इसी बीच एक व्यक्ति को संदिग्ध मिलने पर उसे रोककर पूछताछ की तो वह हड़बड़ा गया। तलाशी लेने पर उसके पास से अवैध कच्ची शराब के 382 पाउच बरामद हुए।

# 11वीं गढ़वाल राइफल्स का स्थापना दिवस मनाया

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**देहरादून** : सोमवार को 11वीं गढ़वाल राइफल्स के गौरव सेनानियों द्वारा बटालियन का 57वां स्थापना दिवस रायपुर देहरादून स्थित एक वेडिंग प्वाइंट में धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कप्तान जगमोहन सिंह एवं ने दीप प्रज्वलित कर किया। तत्पश्चात अमर शहीदों की याद में 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धा सुमन अर्पित किये। साथ ही बटालियन के शहीदों की वीर नारियों को शॉल ओढ़ाकर एवं बुजुर्ग गौरव सेनानियों को पुष्प माला पहनाकर सम्मानित



**कार्यक्रम में पूर्व सैनिक को सम्मानित करते हुए।**

किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कप्तान सते सिंह ने बटालियन के सभी पूर्व सैनिकों को एकजुट रहने का आह्वान किया। साथ ही शासन-प्रशासन के साथ कदम मिलाकर देश व प्रदेश की सेवा करने के लिए प्रेरित किया। बटालियन के वर्तमान कमान अधिकारी कर्नल वैभव बटेरा एवं सूबेदार मेजर जगमोहन सिंह जो कि इस वक्त यूनाइटेड नेशन मिशन कांगो में कार्यरत है सभी पूर्व सैनिकों को नव वर्ष की एवं बटालियन के स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में कप्तान रिटायर यशवंत सिंह, अर्जुन सिंह, बलवंत सिंह, ताजबर सिंह, सूबेदार मेजर शिव सिंह, राजेंद्र असवाल, कमल सिंह, गोपाल सिंह, गुरु प्रसाद एवं गंभीर सिंह आदि मौजूद रहे।

# भिलंगना विकास समिति ने स्थापना दिवस मनाया



नई टिहरी : भिलंगना विकास समिति दिल्ली ने अपना 28 वां स्थापना दिवस गढ़वाल भवन सभागार वीरचंद्र सिंह गढ़वाली मार्ग झंडेवाला नई दिल्ली में धूमधाम से मनाया। कार्यक्रम में राइजिंग सन पब्लिक स्कूल घुत्तु भिंगल के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में भिलंगना गौरव सम्मान से कई लोगों को सम्मानित किया गया।

इस अवसर भिलंगना क्षेत्र के उद्यमियों में सुरेंद्र सिंह राणा, राम सिंह पंवार, महावीर असवाल, फुलदेवी राणा, मायाराम नौटियाल सहित 150 से अधिक सामाजिक कार्यकर्ता, उद्योगपतियों, पत्रकारों के साथ विभिन्न क्षेत्रों में कार्य करने वाले लोगों को समिति की ओर से भिलंगना गौरव सम्मान दिया गया। स्थापना दिवस कार्यक्रम में कवि सम्मेलन, सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ राइजिंग सन पब्लिक स्कूल घुत्तू भिलंग के छात्रों ने गढ़ शिरोमणि जीतू बगडवाल भाव नाटिका का मंचन की प्रस्तुति देकर दर्शकों को मंत्र मुग्ध कर दिया। इस मौके पर समिति अध्यक्ष वीरेन्द्र पैन्यूली, महासचिव शिव सिंह राणा, सोहन सिंह भंडारी, भजराम डंगवाल,भीम सिंह राणा, राजेंद्र चौहान, देवेश नौटियाल, सुखदेव राणा, इंद्रदत्त पैन्यूली, जगदम्बा सेमवाल,राजेन्द्र कैंतुरा, सूर्य प्रकाश सेमवाल, राजेश सेमवाल, बिरेन्द्र भट्ट, सत्यपाल रावत,महेश सेमवाल,राकेश सेमवाल सहित कई लोग मौजूद थे। (एजेंसी)

# मिनाक्षी व कृष चुने गए उत्कृष्ट स्वयंसेवी

रुद्रप्रयाग। अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कालेज का एनएसएस सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन हो गया। अंतिम दिवस पर स्वयं सेवियों ने रंगारंग कार्यक्रमों व जन जागरूकता नुक्कड़ नाटकों की प्रस्तुतियां दी। शिविर में मिनाक्षी और कृष खत्री को उत्कृष्ट स्वयंसेवी चुना गया।सेमी गांव में आयोजित शिविर का शुभारंभ प्रसिद्ध समाजसेवी जय सिंह नेगी ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए व्यापार संघ अध्यक्ष मदन सिंह रावत ने कहा कि शिविर का मुख्य उद्देश्य समाज सेवा के माध्यम से देश सेवा करना है। डा. जैक्सवीन पब्लिक इंटर कालेज के चैयरमेन लखपत सिंह राणा ने कहा कि युवा छात्र–छात्राओं को शिक्षार्जन के साथ–साथ समाज व राष्ट्र निर्माण की विभिन्न रचनात्मक कार्यों से जोड़ने में मुख्य भूमिका निभाते हैं। विशिष्ट अतिथि राय सिंह राणा ने स्वयं सेवियों से शिविर में प्राप्त की जानकारियों का आत्मसात कर समाज में फैला कर लोगों को जागरूक करने की अपील की। सात दिवसीय शिविर में स्वयं सेवियों ने प्रतिभाग कर बेटी बचाओं, बेटी पढ़ाओं, नशा मुक्ति, मतदान जागरूकता रैली, सेवित ग्राम की साफ सफाई, बौद्धिक सत्र आयोजित किए गए। जिसमें लोगों को समाज में फैली कुरीतियों को समाप्त करने की अपील की गई। समापन अवसर पर स्वयं सेवियों ने विभिन्न सांस्कृतिक एवं जनजागरूकता कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी। इस मौके पर भगत कोटवाल, कमल सिह रावत, प्रधान देवेश्वरी देवी, प्रधानाध्यापक रामकुमार बगवाड़ी, दौलत बर्त्वाल, सहायक कार्यक्रम अधिकारी दिगम्बर नेगी, कुलदीप रमोला समेत अन्य मौजूद थे।

## नई टिहरी शहर के विस्तार की मांग सीएम से की

नई टिहरी : भाजपा राष्ट्रीय कार्यकारिणी के पूर्व सदस्य एडवोकेट बद्रीप्रसाद उनियाल ने सीएम पुष्कर धामी को ज्ञापन प्रेषित कर नई टिहरी के निकस्थ कुट्टा सुरकंडा मंदिर के चारों ओर राजस्व गांव जसपूर व डोबरा की भूमि पर नया आधुनिक शहर बनाने की मांग की है। यहां पर आधुनिक शहर बसाने को सीएम की घोषणा में शामिल करने की मांग की है। सरकार नए शहरों को विकसित करने की नीति के तहत इस क्षेत्र में नई टिहरी शहर के विकास के लिए सीएम घोषणा में शामिल करे। (एजेंसी)

# आदर्श टिहरी नगर पथरी में अतिक्रमण हटाने को डीएम ने दिए आदेश

नई टिहरी : जनता मिलन कार्यक्रम में डीएम मयूर दीक्षित ने नरेंद्रनगर के स्थित सभी कार्यालयों के अधिकारियों को एसडीएम कार्यालय के माध्यम से जनता मिलन कार्यक्रम से जुड़ने के निर्देश देते हुए कहा कि सभी विभागों के अधिकारी जन शिकायतों में कोताही किसी भी हाल में न बरतें।सोमवार को कलक्ट्रेट सभागार में आयोजित जनता मिलन कार्यक्रम में डीएम ने अधिकारियों को कड़ी हिदायत देते हुए कहा कि जनता मिलन कार्यक्रम, सीएम हेल्पलाइन, तहसील दिवस, बहुउद्देशीय शिविरों एवं बीडीसी बैठकों में दर्ज शिकायतों व समस्याओं पर प्राथमिकता कार्यवाही करें। इन मामलों में कोताही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। अधिकारी इस बात का ख्याल रखें कि शिकायतें का रिपिटेशन न हो। विकासखण्ड प्रतापनगर के ग्राम जाखणी के अमित सेमवाल ने उनके आवासीय भवन के नीचे खनन किये जाने की शिकायत डीएम से की। जिस पर डीएम ने एसडीएम प्रतापनगर को जांचकर त्वरित आवश्यक कार्यवाही को कहा। पुनर्वासित आदर्श टिहरी नगर पथरी निवासी राम सिंह खरोला ने आदर्श टिहरी नगर क्षेत्र में अतिक्रमण हटाये जाने की मांग की। जिस पर डीएम ने ईई पुनर्वास को प्रकरण पर सख्त कार्यवाही के निर्देश दिए। घनसाली पट्टी आरगढ ग्राम अजुवा की जमुना देवी ने शिकायत कर बताया कि उसके पति के द्वारा उसके साथ मारपीट की जाती है। शिकायत करने पर हर बार सुलह करा दी जाती है, साथ ही तीन बच्चों का पालन-पोषण भी स्वंय ही करना पड़ रहा है। डीएम ने मामले में एसएसपी व एसडीएम घनसाली को कार्यवाही को कहा। (एजेंसी)

## बहुद्देशीय शिविर 3 को

नई टिहरी : सीडीओ मनीष कुमार ने बताया कि आगामी 3 जनवरी को विकास खण्ड थौलधार के कार्यालय भवन कण्डीसौड़ में सुबह 11 बजे से बहुद्देशीय शिविर का आयोजन डीएम मयूर दीक्षिति की अध्यक्षता में किया जायेगा। शिविर में केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी स्टालों की मदद से दी जायेगी। स्वास्थ्य व विकलांग शिविर का भी आयोजन होगा। मौके पर आम लोगों की समस्याओं को सुनते हुए उनका निस्तारण किया जायेगा।

# मूल बांध विस्थापितों ने न्याय देने की मांग डीएम से की

नई टिहरी : पुरानी टिहरी बांध विस्थापित संघर्ष समिति ने डीएम मयूर दीक्षित को पत्र प्रेषित कर पुरानी टिहरी के मूल निवासियों को न्याय देने की मांग करते हुए कहा कि पुरानी टिहरी के अवशेष सभी विस्थापित परिवारों को समानता के आधार पर 30 रुपये प्रतिवर्ग फीट मुआवजा दिया जाय। समानता के आधार पर सभी विस्थापितों को भवन निर्माण सहायता, सभी मूल निवासियों को बिजली की दरों में छूट, सभी मूल निवासियों को निशुल्क जल, टीएचडीसी में दिए जाने वाली नौकरियों में टिहरी के मूल निवासियों को वरीयता, टिहरी हाईड्रोइंजीनियरिंग कालेज व अन्य शिक्षण संस्थानों में टिहरी के मूल निवासिसयों को आरक्षण, टिहरी जलाशय के आस-पास भूमि, भवन व व्यवसायिक गतिविधियों में 50 प्रतिशत आरक्षण, शोधार्थियों के लिए पुरानी टिहरी के इतिहास व संस्कृति के ज्ञान के लिए संग्रहालय का निर्माण, नई टिहरी शहर के भीतर ही मेडिकल कालेज की स्थापना आदि कार्य किए जायें। टिहरी बांध से विस्थापित हुए लगभग 500-600 परिवारों को भूमि प्रतिकर भुगतान दिए जाने की मांग करते हुए कहा कि टिहरी शहर के मूल बांध विस्थापित लोग आज भी मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं, जिनकी समस्याओं का प्राथमिकता से निस्तारण होना चाहिए। उत्तराखंड को बने 23 वर्ष हो गये हैं। लेकिन बांध विस्थापितों की समस्याओं का समाधान नहीं हो पाया है। पत्र प्रेषित करने वालों में पुरानी टिहरी बांध संघर्ष समिति के अध्यक्ष ठाकुर भवानी प्रताप सिंह पंवार, सचिव विजय सिंह परमार, उपाध्यक्ष आनंद प्रकाश घिल्डियाल व कोषाध्यक्ष संतोष पांडे आदि शामिल रहे। (एजेंसी)

# जन संवाद में सुनी डीएम ने लोगों की शिकायतें

रुद्रप्रयाग। जिलाधिकारी सौरभ गहरवार की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में जन संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों की शिकायतें सुनी गई। दर्ज कुल 16 शिकायतों में से 7 का मौके पर ही निस्तारण किया गया। जन संवाद में त्यूंखर (धनोली) निवासी समन सिंह बुटोला ने बताया कि उनकी ग्राम सभा में पंयाताल (लौंगा बैंड) से त्यूंखर (धनोली) तक दो किलोमीटर सड़क मार्ग का सर्वे के बाद भी काम न होने की शिकायत की। चमसिल ग्राम निवासी प्रकाश बिष्ट ने गांव के नजदीक से बह रही अलकनंदा नदी में चल रहे अवैध खनन, लक्ष्मण सिंह ने सेमलता–रौठिया पेयजल लाइन से ग्राम रौठिया में पेयजल की आपूर्ति नियमित न होने, ग्राम सेम भरदार निवासी भागवत प्रसाद डिमरी ने प्रधानमंत्री आवास, गौशाला एवं भूमि सुधार, थलासू निवासी जीतपाल लाल ने थलासू के चंगटी नामी तोके तक सड़क निर्माण की मांग की। जिलाधिकारी ने समन सिंह की शिकायत पर अधिशासी अभियंता लोनिवि को गांव में जाकर ग्राम वासियों के साथ खुली बैठक कर प्रकरण एक सप्ताह के भीतर रिपोर्ट उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए।

# मूल निवास और भू–कानून को लेकर यूकेडी ने दिया धरना




रुद्रप्रयाग। उत्तराखंड क्रान्ति दल ने मूल निवास 1950 एवं सशक्त भू–कानून की मांग को लेकर सोमवार को जिला कलक्ट्रेट में एक दिवसीय धरना दिया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने राज्य सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। साथ ही दोनों मुद्दों पर शीघ्र कार्रवाई की मांग की है। यूकेडी कार्यकर्ताओं ने जिला प्रशासन के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रेषित किया।

सोमवार को उक्रांद के जिलाध्यक्ष बुद्धिबलम ममंगाई के नेतृत्व में यूकेडी कार्यकर्ताओं ने नए साल के पहले दिन कलक्ट्रेट में धरना दिया। उत्तराखंड क्रांति दल मूल निवास 1950 एवं सशक्त भू–कानून की मांग को लेकर जिला कार्यालय पहुंची जहां उन्होंने धरना देते हुए सरकार से शीघ्र दोनों मुद्दों पर कार्रवाई की मांग की। कहा कि मूल निवास की कट ऑफ डेट 1950 तय है जिसका प्रावधान उत्तराखंड राज्य पुनर्गठन अधिनियम में भी है। कार्यकर्ताओं ने कहा कि मूल निवास पर भ्रामक बयानबाजी कर जनता को गुमराह करने का कार्य किया जा रहा है। कहा कि राज्य की लड़ाई, युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने व जल जंगल जमीन पर स्थानीय लोगों के अधिकार को लेकर यह लड़ाई लड़ी गई, किंतु सशक्त भू कानून व मूल निवास 1950 न होने के कारण राज्य की जमीनो पर बाहरी लोगों का अधिकार हो रहा है। जबकि प्रदेश के अधिकांश स्थनीय लोग न तो अपने घर में अपना अधिकार पा रहे हैं और न ही बेरोजगारों को रोजगार मिल रहा है। यहां का रोजगार बाहरी प्रदेशों से आए लोगों को स्थाई निवास देकर छीन दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि उक्रांद मूल निवास व भू कानून को लेकर निर्णायक लड़ाई लड़ेगा। इस मौके पर कार्यकर्ताओं ने अपर जिलाधिकारी श्याम सिंह राणा के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रेषित किया। धरना देने वालों में यूकेडी जिलाध्यक्ष बुद्धिबल्लभ ममगाईं, देवेंद्र चमोली, हीरा प्रसाद, बलवीर चौधरी, विष्णुकांत शुक्ला सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

## मदोला गांव में गैंडा और मोरू डाली कौथिग देखने उमड़े लोग

रुद्रप्रयाग। जनपद के मदोला गांव में चल रहे पांडव नृत्य में सोमवार को गैंडा एवं मौरू डाली कौथिग आकर्षण का केंद्र रहा। इस दौरान बड़ी संख्या में लोगों ने पांडवों के दर्शन कर आशीर्वाद लिया। पांडव पश्वाओं द्वारा प्रसाद वितरण के साथ पांडव नृत्य का समापन हो गया है।बीते 14 दिसम्बर से मदोला गांव में पांडव नृत्य का आयोजन शुरू हुआ। जबकि 18 दिसम्बर को पांडवों के अस्त्र–शस्त्रों का पूजन होने के बाद पांडवों द्वारा अस्त्र–शस्त्रों के साथ नृत्य शुरू किया।


उत्तर रेलवे

ई–निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से **उप मुख्य अभियंता/गति शक्ति यूनिट** उत्तर रेलवे मुरादाबाद द्वारा ई टेन्डर निम्न टेन्डर संख्या के अन्तर्गत आमंत्रित किये जाते हैं। निविदा की कीमत तथा धरोहर राशि का भुगतान निविदा दाता द्वारा केवल **IREPS** पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चैक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगे। टेन्डर से संबंधित अन्य जानकारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखें।

| टेन्डर संख्या दिनांक | 12-GSU-MB-23-24 Date 29.12.2023 | | |
|---|---|---|---|
| कार्य का नाम | कंटेनर डिपो मुरादाबाद से एक साथ रिसेप्शन और डिस्पैच सुविधा चरण–2 से सीधे प्रस्थान का कार्य। | | |
| टेन्डर क्लोसिंग दिनांक/समय | 23.01.2024 16:00 | बिडिंग स्टार्ट तिथि | 09.01.2024 |
| अनुमानित लागत | 42,17,650.42 | आफर की वैधता | 60 दिन |
| धरोहर राशि | 84,400.00 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 06 माह |

नं. 74-W/2/3/MB/Publication/23-24 दिनांक:29.12.2023 03/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



।। कार्यालय :– नगर निगम कण्वनगरी कोटद्वार (पौड़ी गढ़वाल) ।।

पत्रांक :- 4200 /कर अनु0/भव0ना0/2023-24 दिनांक :- 01.01.2024

सार्वजनिक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्न व्यक्ति/व्यक्तियों द्वारा नगर निगम कोटद्वार के भवन कर अभिलेखों पूर्व भवन स्वामी के स्थान पर अपना नाम दर्ज करने हेतु स्वामित्व प्रमाण पत्रों एवं शपथ पत्र आदि के आधार पर आवेदन किया गया है।

अतः नगर निगम अधिनियम-1959 की धारा 213(ख) के अन्तर्गत समस्त प्रभावित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि जिस किसी को निम्न नामान्तरण/नामान्तरणों पर आपत्ति हो वह मय साक्ष्यों को उपरोक्त सार्वजनिक सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिवस भीतर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। मियाद समाप्त होने पर उपलब्ध अभिलेखिया साक्ष्यों के आधार पर सम्पत्ति के नामान्तरण हेतु निर्णय पारित कर लिये जायेंगें।

| क्र0 सं0 | सम्पत्ति संख्या एवं मौहल्ले/वार्ड का नाम | भवन कर अभिलेखों में दर्ज नाम (नाम जो निरस्त होना है) | आवेदक का नाम व पता (नाम जो दर्ज होना है) | सम्पत्ति का स्वामित्व प्राप्त करने का आधार |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 120, 121 व 122 | 120, 121, व 122 वार्ड नं0 12 कालाबड निकट विशप हाउस | श्री गोवर्धनलाल उर्फ गोवर्धन प्रसाद, श्री सोहनलाल व मनोहरीलाल उर्फ मनोरीलाल पुत्रगण श्री सरतलाल | श्री कुलदीपचन्द पुत्र श्री सोहनलाल एवं श्रीमती उपासना देवी पत्नी श्री सुदर्शन छाबा | भू-भवन की रजिस्ट्री, खाता खतौनी, एवं शपथ पत्र |

सहायक नगर आयुक्त
नगर निगम
कण्वनगरी कोटद्वार।

# सम्पादकीय

## बचानी होगी कृषि भूमि

उत्तराखंड में कृषि भूमि की आड़ में बड़ी–बड़ी जमीन खरीदने का प्रयास अब अधिक दिन तक चलने वाला नहीं है क्योंकि राज्य सरकार ने नए वर्ष की शुरुआत के साथ प्रदेश में कृषि और औद्यानिकी के लिए जिलाधिकारी की अनुमति से जमीन खरीदने पर रोक लगा दी है। हालांकि इस पेज से पूर्व कानून को लेकर बनाई गई समिति अभी अध्ययन कर रही है और यही कारण है कि इस समिति की रिपोर्ट आने तक फिलहाल यह रोक लगाने का फैसला लिया गया है। साफ है कि राज्य सरकार के फैसले से पूर्व बड़े पैमाने पर किसानों की जमीन खरीदने के प्रयास तेज हो सकते थे लिया जा सरकार ने इससे पहले ही ऐसे सभी मंसूबों को सफल कर दिया है। सरकार ऐसे लोगों की भी जांच कर रही है जिन्होंने पड़े पैमाने पर किसानों से जमीन खरीदी है लेकिन उसका किस प्रकार से उपयोग किया गया यह अब जांच के दायरे में होगा। पूर्व सरकारों की लापरवाही ही कहेंगे कि उत्तराखंड में पिछले कुछ वर्षों में एकाएक कृषि योग्य जमीन खरीदने के काफी मामले प्रकाश में आए जिम किसानों को एकत्रित कर उनकी जमीन खरीद ली गई या पावर ऑफ अटॉर्नी बनाकर उन्हें व्यावसायिक प्रयोग के लिए बेचा जाने लगा। यदि सरकार ने राज्य गठन के बाद से ही सकारात्मक कदम उठाए होते या सरकार उत्तराखंड के हित के लिए वाकई गंभीर होती तो उत्तराखंड में बड़े पैमाने पर हुई जमीन के खरीद स्वरूप के मामले नहीं होते और ना ही यहां बाहरी लोगों की संख्या इस बे हिसाब तरीके से बढ़ती। चेहरे को तो बाहरी लोगों को कृषि भूमि खरीदने से रोकने के लिए भू कानून बनाने की बात की जा रही थी लेकिन पूर्व की सरकारों ने इस दिशा में कोई अधिक दिलचस्पी नहीं दिखाई और प्रदेशवासियों द्वारा मांग उठाई जाने पर समिति बनाकर लीपा पोती कर दी। समिति ने सरकार को अपनी रिपोर्ट सौंपी लेकिन वह भी ठंडा बस्ते में गई और अब जब पूरे प्रदेश में भू कानून का मसला एक बड़े जन आंदोलन का रूप लेने लगा है तो अब इसी रिपोर्ट के आधार पर कानून का प्रारूप तैयार किया जा रहा है। देर से ही सही लेकिन सरकार जन आंदोलन के बाद अब इस मुद्दे पर जन भावनाओं के अनुरूप फैसला लेने वाली है, और यही कारण है कि कानून लागू होने से पूर्व कृषि भूमि को खरीदने की आपाधापी को रोकने के लिए फिलहाल खरीद फरोक पर रोक लगा दी गई है। प्रदेश में बड़े पैमाने पर पलायन होने के कारण भी लोग अपनी कृषि योग्य जमीनों को बेचकर ऐसी स्थिति पैदा कर चुके हैं कि राज्य के अंदर बाहरी लोगों की संख्या ने विकराल रूप धारण कर लिया है। अब विकराल रूप धारण कर चुका है उसके बाद राज्य सरकार के लिए अब पीछे हटने का कोई विकल्प नहीं है। प्रदेश के लोगों को मुख्यमंत्री धामी से उम्मीदें भी है क्योंकि पहले भी उनके द्वारा कई निर्णय ऐसे लिए गए हैं जिन पर इससे पूर्व की सरकारों ने फैसले लेने की हिम्मत नहीं दिखाई।

# इंडिया–समूह के अंकगणित का बीजगणित

पंकज शर्मा

कांग्रेस ने एक काम थोड़ा अक्ल का किया कि गठबंधन के दलों से सीटों की हिस्सेदारी की बातचीत का ज़िम्मा अनुभवी और वरिष्ठ नेताओं की पांच सदस्यीय समिति को सौंपा। प्रयोगधर्मी उत्साहीलालों की तिकड़मों के चलते अगर यह काम चौआ–टोली के पास चला जाता तो सिर मुंडाते ही तमाम संभावनाओं पर ओले पड़ जाते। अच्छा हुआ कि यह भूमिका सांगठनिक समझबूझ रखने वाले अशोक गहलोत, भूपेश बघेल, मुकुल वासनिक, सलमान ख़ुर्शीद और मोहन प्रकाश को मिली है। उन सब की अपनी–अपनी दक्षता और उपयोगिता है। मुझे लगता है कि सीट बंटवारे की आरंभिक प्रक्रिया पूरी होने के बाद घटक दलों से अंतिम हिस्सेदारी तय करने का काम सोनिया गांधी अगर अंततः स्वयं करेंगी तो बहुत–सी अलाएं–बलाएं ख़ुद–ब–ख़ुद टल जाएंगी।

28 दलों के राजनीतिक गठजोड़ 'इंडिया–समूह' का बदन ऊपर से देखने में तो इतना गठीला दिखाई देता है कि परसों से शुरू हो रहे साल की गर्मियां आरंभ होते–होते नरेंद्र भाई मोदी का पसीना छुड़ा दे। लेकिन इस तन के भीतर मन ज़रा जर्जर लग रहे हैं। सो, अभी तो सब–कुछ राम भरोसे नज़र आ रहा है। ज़रा सोचिए तो कि इंडिया–समूह के 28 राजनीतिक दलों में से 12 का लोकसभा में एक भी सदस्य नहीं है, मगर फिर भी निचले सदन में उसके पास 142 सांसद हैं। 98 सदस्य राज्यसभा में अलग हैं। देश भर में 1637 विधायक उस के पास हैं और विधान परिषदों में 120 सदस्य हैं। 10 प्रदेशों में इंडिया–समूह की सरकारें हैं। दस बरस के तक़रीबन निरंकुश मोशा–राज के बाद क्या यह इतनी मामूली उपस्थिति है कि कोई इस की आसानी से अनदेख कर सके?

इसलिए अगर इंडिया–समूह पूरे ईमानदार तालमेल और आपसी भलमनसाहत के साथ अपनी बिसात बिछाए तो क्या आप को नहीं लगता कि वह केंद्र में सरकार बनाने के लिए ज़रूरी 130 अतिरिक्त सीटें जीत सकता है? लालू प्रसाद–तेजस्वी यादव के राष्ट्रीय जनता दल का लोकसभा में अभी एक भी सदस्य नहीं है। बिहार की 40 सीटों में से इस बार वह कम–से–कम 15 जीतने की स्थिति में तो है ही। नीतीश के जनता दल यूनाइटेड की सीटें भी 16 से बढ़ कर 20 तक होने के आसार हैं। अखिलेश यादव की समाजवादी पार्टी के अभी सिर्फ़ 3 लोकसभा सदस्य हैं। इस बार उत्तर प्रदेश में उसे 80 में से करीब 15 सीटें मिलने की उम्मीद करना तो कोई अतिरेक नहीं होगा। शरद पवार की नेशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी के पास महज़ 4 लोकसभा सदस्य हैं। महाराष्ट्र की 48 में से ज़्यादा नहीं तो 10 सीटें तो वह जीत ही सकती है। 6 सांसदों वाली उद्धव ठाकरे की शिवसेना को भी इस बार 15 के आसपास सीटें मिलने की उम्मीद है।

तमिलनाडु में एम.के.स्तालिन के द्रमुक की सीटें 24 से बढ़ कर कम–से–कम 30 तक पहुचेंगी। पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस भी 23 से बढ़ कर 30 पर पहुंचने की स्थिति में है। वाम दलों, मुस्लिम लीग, नेशनल कांफ्रेंस और केरल कांग्रेस (मणि) वग़ैरह की हालत अगर जस–की–तस भी रही तो आम आदमी पार्टी अभी अपने एकमात्र लोकसभा सदस्य की संख्या को बढ़ा कर आधा दर्जन तक ले जाने का माद्दा तो रखती ही है। हेमंत सोरेन का झारखंड मुक्ति मोर्चा भी इस बार एक लोकसभा सदस्य का संख्या पर तो पड़ा नहीं रहेगा। अब बची कांग्रेस तो उस की मौजूदा 47 लोकसभा सदस्यों की तादाद कम–से–कम 95 का आंकड़ा तो आसानी से छू सकती है। अगर इंडिया–समूह के राजनीतिक दल 543 सीटों पर सचमुच एक सर्वसम्मत प्रत्याशी उतार ले गए तो कांग्रेस की सीटें 110 तक भी पहुंच सकती हैं।

यह अंकगणित केंद्र की मौजूदा सरकार को हलका–सा धक्का मार कर रायसीना की पहाड़ी से नीचे ठेलने में सक्षम है। मगर जितना यह अंकगणित आसान दिखाई दे रहा है, उतना ही असहज इस का बीजगणित नज़र आता है। ममता कह रही हैं कि वे सीटों की जो भी हिस्सेदारी करेंगी, पश्चिम बंगाल के बाहर करेंगी। अखिलेश उत्तर प्रदेश से बाहर तो अठखेलियों के लिए तैयार हैं, मगर अपने आंगन को दूसरों के नाच के लिए टेढ़ा ही रखना चाहते हैं। अरविंद केजरीवाल दिल्ली और पंजाब को तो अपनी सल्तनत मान ही रहे हैं, मौक़ा लगने पर गोआ इत्यादि में भी ठुमका लगाने की ललक पाले हुए हैं। यह हश्यावली अगर जल्दी ही मनोरम नहीं हुई तो पिचका–दचका इंडिया–समूह क्या ख़ाक नरेंद्र भाई के लहीमशहीमपन का मुकाबला कर पाएगा?

ज़रूरत तो इस बात की है कि बंगाल में तृणमूल, वाम दल और कांग्रेस चंदन–पानी की तरह घुलमिल जाएं। उत्तर प्रदेश में अखिलेश, मायावती, जयंत चौधरी और कांग्रेस हिलमिल जाएं। दिल्ली और पंजाब में केजरीवाल और कांग्रेस की निष्कपट जुगलबंदी आकार ले। महाराष्ट्र में शरद पवार पूरी पारदर्शिता के साथ उद्धव और कांग्रेस की ताल से ताल मिलाएं। जम्मू–कश्मीर–लद्दाख में फारूक अब्दुल्ला, महबूबा मुफ़्ती, गुलाम नबी आज़ाद और कांग्रेस सब भूल–भाल जाएं और सिर्फ़ सियासी चिड़िया की आंख पर आंख रखें। लेकिन यह सब तो ऐसा है, गोया, सब–कुछ ख़ुदा से मांग लिया, इत्ता मांग के। इस के बाद तो मेरे हाथ और किसी दुआ के लिए कभी उठेंगे भी कैसे? पर प्रभु श्रीराम भी क्या करें? जो इंडिया–समूह अपने पैरों के भरोसे, दौड़ने को तो छोड़िए, चलने में भी इतनी देर लगा रहा है, उसे सियाराम अपनी गोद में उठा कर कैसे रायसीना के सिंहासन पर धर दें? कोई इंडिया–समूह से पूछे कि 23 जून को जब पटना में 16 विपक्षी दलों ने बैठक कर तय कर लिया था कि वे इक्के चुनाव लड़ने की तैयारी में लगेंगे तो फिर छह महीने से वे सब कहां ऊंघ रहे थे? 18 जुलाई को तो बंगलूर में इंडिया–समूह के गठन का बाक़ायदा ऐलान भी हो गया था। तो ये पांच महीने चिलम फूंकते रहने में किस ने निकाले? 31 अगस्त को मुंबई में हुई इंडिया–समूह की बैठक में तो गठबंधन की ख़ासी शक़्ल तैयार हो गई थी। फिर दिल्ली की बैठक साढ़े तीन महीने बाद अभी 19 दिसंबर को क्यों हो पाई? समय की परवाह न करने वालों की समय भी क्यों परवाह करे? सो, इंडिया–समूह की मुट्ठी से समय की काफी रेत तो वैसे ही फिसल चुकी है। उस के नेता अगर अब भी देर करेंगे तो अगली गर्मियों में खाली हथेली पसारे भटकते मिलेंगे।

कांग्रेस ने एक काम थोड़ा अक़्ल का किया कि गठबंधन के दलों से सीटों की हिस्सेदारी की बातचीत का ज़िम्मा अनुभवी और वरिष्ठ नेताओं की पांच सदस्यीय समिति को सौंपा। प्रयोगधर्मी उत्साहीलालों की तिकड़मों के चलते अगर यह काम चौआ–टोली के पास चला जाता तो सिर मुंडाते ही तमाम संभावनाओं पर ओले पड़ जाते। अच्छा हुआ कि यह भूमिका सांगठनिक समझबूझ रखने वाले अशोक गहलोत, भूपेश बघेल, मुकुल वासनिक, सलमान ख़ुर्शीद और मोहन प्रकाश को मिली है। उन सब की अपनी–अपनी दक्षता और उपयोगिता है। मुझे लगता है कि सीट बंटवारे की आरंभिक प्रक्रिया पूरी होने के बाद घटक दलों से अंतिम हिस्सेदारी तय करने का काम सोनिया गांधी अगर अंततः स्वयं करेंगी तो बहुत–सी अलाएं–बलाएं ख़ुद–ब–ख़ुद टल जाएंगी।

मेरी समझ में अब तक यह भी नहीं आया है कि इंडिया–समूह के लिए बनी समन्वय समिति, चुनाव रणनीति समिति, अभियान समिति, मीडिया कार्य प्रकोष्ठ, सोशल मीडिया कार्य प्रकोष्ठ और शोध कार्य प्रकोष्ठ ने इस बीच आसमान के कौन–से तारे तोड़ लाने का संयुक्त प्रयास कर दिखाया है? मगर फिर भी मैं यह मान कर चल रहा हूं कि उन की कोशिशों का कोई सकल स्वरूप शायद जल्दी ही हमें देखने को मिले। मकर संक्रांति के दिन अपनी 'भारत न्याय यात्रा' आरंभ करने से पहले राहुल गांधी को इंडिया–समूह के कालीन पर सारे ज़रूरी पैबंद इतनी ख़ूबसूरती से चस्पा कर देने होंगे कि वे दूर तो दूर, पास से भी दिखाई न दें।

# वाजपेयी, जेटली प्रेम काम नहीं आ रहा



नीतीश कुमार की यह खासियत है कि वे किसी समय राम मनोहर लोहिया, जेपी और कर्पूरी ठाकुर के चेले बन जाते हैं तो किसी समय दीनदयाल उपाध्याय, अटल बिहारी वाजपेयी के गुणगान करने लगते हैं। कुछ समय पहले वे पटना में दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर उनकी प्रतिमा पर फूल चढ़ाने गए। पिछले एक हफ्ते में वे अटल बिहारी वाजपेयी और अरुण जेटली को श्रद्धांजलि देने गए। एक केंद्रीय विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की मौजूदगी में उन्होंने भाजपा नेताओं की खूब तारीफ की और वहां मौजूद नेताओं को दिखा कर कहा कि उनके साथ तो जीवन भर का संबंध है। लेकिन ऐसा लग रहा है कि उनका भाजपा प्रेम बहुत काम नहीं आ रहा है। भाजपा का केंद्रीय नेतृत्व पिघल नहीं रहा है और इस वजह से नीतीश को अच्छी डील नहीं मिल रही है।

जानकार सूत्रों का कहना है कि भाजपा इस बार न तो बराबरी का समझौता करने को तैयार है और न उनको मुख्यमंत्री रखने को तैयार है। पिछली बार यानी 2017 में जब नीतीश वापस लौटे थे तब भाजपा ने अपनी जीती हुई लोकसभा की छह सीटें छोड़ कर नीतीश से समझौता किया था। दोनों पार्टियां 17–17 सीटों पर लड़ी थीं। और भाजपा ने उनको मुख्यमंत्री भी बनाए रखा था। इस बार कहा जा रहा है कि भाजपा ने उनसे कहा है कि वे मुख्यमंत्री पद छोड़ें, भाजपा का सीएम बनेगा और नीतीश अपना दो उप मुख्यमंत्री बना लें। इसके अलावा यह भी कहा जा रहा है कि भाजपा ने उनको 10 लोकसभा सीट का प्रस्ताव दिया है। इसमें ज्यादा से ज्यादा दो की बढ़ोतरी हो सकती है। भाजपा अकेले 20 सीट लड़ना चाहती है और लोक जनशक्ति पार्टी के दोनों धड़ों, हिंदुस्तान आवाम मोर्चा और राष्ट्रीय लोक जनता दल को गठबंधन में बनाए रखना चाहती है। वह मुकेश साहनी की विकासशील इंसान पार्टी को भी गठबंधन में लाने की बातचीत कर रही है। इसके अलावा भाजपा लोकसभा के साथ विधानसभा का चुनाव कराने को तैयार नहीं है। इस तरह वह नीतीश को कमजोर करने की सुनियोजित रणनीति पर काम कर रही है।

# शर्मिला के सहारे आंध्र में कांग्रेस

आंध्र प्रदेश में राजनीतिक समीकरण बदल सकता है। तेलंगाना की जीत के बाद कांग्रेस पार्टी आंध्र प्रदेश में संभावना देख रही है। हालांकि राज्य के विभाजन के बाद से आंध्र में कांग्रेस के प्रति बहुत नाराजगी है और यही कारण है कि कांग्रेस दो फीसदी भी वोट नहीं ले पा रही है। इसके बावजूद कांग्रेस की उम्मीद बढ़ी है तो उसका कारण मुख्यमंत्री जगन मोहन रेड्डी की बहन वाईएस शर्मिला हैं। उन्होंने वाईएसआर तेलंगाना पार्टी का गठन किया था और पिछले चुनाव में कांग्रेस को समर्थन दिया। कहा जा रहा है कि कांग्रेस उनको राज्यसभा में भेजेगी या खम्मम सीट से लोकसभा का चुनाव लड़ाएगी। इसके अलावा उनको पार्टी का महासचिव बनाने की चर्चा भी हो रही है।

कांग्रेस के जानकार सूत्रों के मुताबिक कांग्रेस उनको आंध्र प्रदेश में इस्तेमाल करना चाहती है। वे कांग्रेस से जुड़ जाएंगी इस बात की पूरी संभावना है लेकिन सबसे हैरान करने वाली बात यह है कि कांग्रेस नेताओं को लग रहा है कि उनके जरिए चंद्रबाबू नायडू की पार्टी टीडीपी से तालमेल हो सकता है।

गौरतलब है कि टीडीपी की बातचीत भाजपा से चल रही है और उसने पवन कल्याण की जन सेना पार्टी से तालमेल कर लिया है। ऐसे में कांग्रेस से कैसे बात बनेगी? कहा जा रहा है कि भाजपा जगन मोहन की पार्टी के साथ भी चैनल खोले हुए है और वह नहीं चाहती है कि राज्य को किसी पार्टी के साथ तालमेल करे। इसके बावजूद नायडू की पार्टी का कांग्रेस के साथ जाना थोड़ा मुश्किल लग रहा है। क्योंकि तब केंद्रीय और राज्य दोनों की एजेंसियों की कार्रवाई तेज हो जाएगी।

# गुजरात ने बनाया सामूहिक सूर्य नमस्कार का विश्व रिकॉर्ड, 108 जगहों पर 50 हजार लोग हुए शामिल

**गांधीनगर, एजेंसी।** गुजरात में एक साथ 108 जगहों पर कुल 50 हजार से अधिक लोगों ने नव वर्ष के पहले दिन सोमवार को सामूहिक सूर्य नमस्कार कर गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में भारत का वर्ष 2024 का पहला रिकॉर्ड दर्ज कराने की गौरवशाली उपलब्धि हासिल की है। मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल और खेल राज्य मंत्री हर्ष संघवी की उपस्थिति में गुजरात राज्य योग बोर्ड की ओर से आज मेहसाणा जिले के मोढेरा गांव में स्थित प्राचीन सूर्य मंदिर के परिसर में सामूहिक सूर्य नमस्कार का राज्य स्तरीय कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित हुआ। खेल, युवक सेवा और सांस्कृतिक गतिविधियां विभाग की ओर से सूर्य नमस्कार अभियान के अंतर्गत एक महीने तक ग्राम, तहसील, जिला, नगर और महानगर स्तर पर राज्यव्यापी सूर्य नमस्कार प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। मोढेरा में आयोजित राज्य स्तरीय सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री पटेल ने इन प्रतियोगिताओं के विजेता योग साधकों को पुरस्कार राशि प्रदान कर सम्मानित किया।



मुख्यमंत्री ने विशाल संख्या में उपस्थित योग साधकों और सूर्य नमस्कार करने वाले लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि विश्व नेता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में दुनिया भर में भारतीय संस्कृति का गौरव बढ़ा है। उन्होंने कहा कि श्री नरेन्द्र मोदी ने योग की प्राचीन परम्परा को दुनिया के समक्ष उजागर कर 21 जून को विश्व योग दिवस के रूप में मनाने की शुरुआत कराई और योग साधना के माध्यम से दुनिया को जोड़ने का काम किया है। उन्होंने कहा कि योग, प्राणायाम और सूर्य नमस्कार जैसी प्राचीन स्वास्थ्यवर्धक व्यायाम एवं कसरत परम्परा व्यक्ति को आध्यात्मिकता के साथ भी जोड़ने वाली अनूठी संस्कृति है।

श्री पटेल ने आगे कहा कि दीर्घदृष्टा प्रधानमंत्री ने स्वदेशी के साथ-साथ पूरी पृथ्वी के हित का विचार किया है। उन्होंने उम्मीद जताई कि सूर्य मंदिर में सूर्य की उपासना और आराधना करने का अनोखा अवसर प्राप्त हुआ है, जो नव वर्ष में नई ऊर्जा और उष्मा के साथ प्रत्येक के जीवन में आनंद और उत्साह का संचार करेगा। उन्होंने कहा कि आज नागरिकों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता पैदा हुई है। बीमारी के इलाज के बजाय बीमारी हो ही नहीं, ऐसी स्वास्थ्यप्रद जीवन शैली के लिए लोगों ने योग और सूर्य नमस्कार जैसी क्रियाओं को नियमित रूप से अपनाया है। मुख्यमंत्री ने 'विकसित भारतएट2047' के प्रधानमंत्री श्री मोदी के स्वप्न को साकार करने के लिए सभी लोगों से योग, प्राणायाम और सूर्य नमस्कार को और अधिक व्यापक बनाकर अमृत काल में अमृतमय भविष्य के लिए संकल्प लेने का आह्वान किया।

राज्य मंत्री हर्ष संघवी ने कहा कि देश के इतिहास में सामूहिक सूर्य नमस्कार की प्रथम घटना मोढेरा सहित राज्य के 108 स्थानों पर दर्ज हुई है। उन्होंने कहा कि यह सामूहिक सूर्य नमस्कार देश और दुनिया को एक नया दिशा-दर्शन देगा। पूरे राज्य में पिछले एक महीने के दौरान 15 लाख से अधिक नागरिक सूर्य नमस्कार अभियान से जुड़े हैं, जिन प्रतियोगिताओं के माध्यम से आज राज्य स्तरीय सम्मान समारोह में हम सभी इस ऐतिहासिक घटना के साक्षी बने हैं। श्री हर्ष संघवी ने कहा कि वर्ष 2024 के पहले दिन राज्य के विभिन्न 51 स्थलों पर विश्व रिकॉर्ड दर्ज किया गया है। 2024 के पहले दिन सामूहिक सूर्य नमस्कार की गुजरात की इस उपलब्धि ने पूरे देश में सभी का ध्यान अपनी ओर खींचा है। उन्होंने कहा कि योग भारत की संस्कृति की पहचान है। आज गुजरात योग में रोल मॉडल बन गया है। उन्होंने नए वर्ष में नए संकल्प के साथ सूर्य नमस्कार को अपनाने का अनुरोध किया। उन्होंने टेक्नोलॉजी की व्यस्तता के बीच योग को अपनाकर जीवन को सकारात्मक बनाने की विशेष अपील भी की।

इस अवसर पर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के तीन पुरुष और तीन महिला विजेताओं का सम्मान किया गया। पुरुष विजेताओं में पहले स्थान पर रहे साबरकांठा के कल्पेशभाई सवजीभाई, दूसरे स्थान पर रहे गिर सोमनाथ के अनिल कुमार बांभणिया और तीसरे स्थान पर रहे छोटाउदेपुर के राठवा करशनभाई को सम्मानित किया गया। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता की महिला विजेताओं में पहले स्थान पर रहीं बनासकांठा की पटेल याना विनोद कुमार, दूसरे स्थान पर रहीं राजकोट की वखारिया दृष्टि चेतन कुमार और तीसरे स्थान पर रहीं मेहसाणा की पटेल पूजा घनश्यामभाई को सम्मानित किया गया। राज्य स्तर के विजेताओं को क्रमशः 2.50 लाख रुपए, 1.75 लाख और एक लाख रुपए का पुरस्कार प्रदान कर प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम में खेल, युवा सेवा और सांस्कृतिक गतिविधियां विभाग के प्रधान सचिव अश्विनी कुमार, युवा सेवा एवं सांस्कृतिक गतिविधियां आयुक्त आलोक कुमार पांडे, योग बोर्ड के चेयरमैन शीशपाल राजपूत, जिला पंचायत अध्यक्ष तृषाबेन पटेल, विधायक सुखाजी ठाकोर, अग्रणी गिरीशभाई राजगोर, जिला कलेक्टर एम. नागराजन, जिला विकास अधिकारी डॉ. ओम प्रकाश सहित जिले के अधिकारी, पदाधिकारी और योग साधक व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## कोरोना के मामलों में मामूली गिरावट, बीते 24 घंटों में आए 636 नए केस, तीन मरीजों की गई जान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश में पिछले 24 घंटों के दौरान कोरोना से संक्रमित 636 नए मामले सामने आए है। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने सोमवार को आंकड़े जारी किए हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक कोविड-19 के मामलों में मामूली गिरावट देखने को मिली है। मंत्रालय ने कहा कि भारत में पिछले दिन जो आंकड़ा 841 नए मामलों का था वो सोमवार को 636 तक रहा। देश में नए मामले सामने आने के साथ ही कोरोना संक्रमित की बढकर 4394 तक पहुंच गई है। पिछले 24 घंटों में इस जानलेवा वायरस से तीन और लोगों की मौत हो गयी और देश में अभी तक मृतकों की संख्या 5,33,364 तक पहुंच गई है।

मंत्रालय के अनुसार आज सुबह आठ बजे तक कई राज्यों में कोविड-19 के मामले बढ़ने की रिपोर्ट समाने आयी है। अभी तक 4,44,76,150 लोग इस जानलेवा वायरस के संक्रमण से उबर चुके हैं। देश में रिकवरी दर 98.81 प्रतिशत है, जबकि मृत्यु दर 1.18 प्रतिशत है।

## ब्रिटेन ने दी हौथी विद्रोहियों के खिलाफ सीधी कार्रवाई की धमकी

**लंदन,एजेंसी।** रिपोर्टों के अनुसार ब्रिटिश रक्षा सचिव ग्रांट शाप्स ने कहा है कि वे हौथिस के खिलाफ कार्रवाई करने में संकोच नहीं करेंगे। ग्रांट शाप्स के हवाले से मीडिया रिपोर्टों में कहा गया है, हम सीधी कार्रवाई करने के इच्छुक हैं, और हम लाल सागर में नेविगेशन की स्वतंत्रता के खतरों को रोकने के लिए आगे की कार्रवाई करने में संकोच नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि हाउथिस को इस गलतफहमी में नहीं रहना चाहिए कि उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जा सकती।

उन्होंने कहा, हम गैरकानूनी जब्ती और हमलों के लिए उन्हें जिम्मेदार ठहराने को प्रतिबद्ध हैं।

इससे पहले रविवार को, ब्रिटिश विदेश सचिव डेविड कैमरन ने कहा कि उन्होंने ईरानी विदेश मंत्री होसैन अमीर-अब्दुल्लाहियन को एक कॉल में कहा कि ईरान को लाल सागर में हौथी हमलों को रोकने में मदद करनी चाहिए। रिपोर्ट के अनुसार, हौथी नवंबर से लाल सागर में जहाजों पर हमला कर रहे हैं। ईरान समर्थित यमनी विद्रोही समूह ने कहा है कि गाजा में युद्ध के जवाब में महत्वपूर्ण जहाजों पर हमले इज़राइल से जुड़े जहाजों पर निर्देशित हैं।

## मोदी दो जनवरी को तमिलनाडु और लक्षद्वीप के दौरे पर जाएंगे

**नयी दिल्ली ,एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो और तीन जनवरी को तमिलनाडु और लक्षद्वीप की यात्रा पर रहेंगे। प्रधानमंत्री दो जनवरी को सुबह तमिलनाडु के तिरुचिरापल्ली पहुंचेंगे जहां वह तिरुचिरापल्ली के भारतीदासन विश्वविद्यालय के 38वें दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि होंगे। दोपहर में वह तिरुचिरापल्ली में एक सार्वजनिक कार्यक्रम में, प्रधानमंत्री विमानन, रेल, सड़क, तेल और गैस तथा शिपिंग से संबंधित 19,850 करोड़ रुपये से अधिक की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन , लोकार्पण और आधारशिला रखेंगे। उसी दिन श्री मोदी लक्षद्वीप के अगत्ती पहुंचेंगे जहां वह एक सार्वजनिक समारोह को संबोधित करेंगे।

## काव्या माइनिंग का एमडी जीएसटी चोरी के आरोप में गिरफ्तार

**हैदराबाद ,एजेंसी ।** तेलंगाना के वाणिज्यिक कर विभाग ने जीएसटी चोरी करके सरकार को 18.55 करोड़ रुपये का चूना लगाने के आरोप में मेसर्स श्री काव्या माइनिंग इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक राजकुमार रेख्या रूपसिंग नायक को गिरफ्तार कर लिया।

## केंद्र सरकार ने गैंगस्टर गोल्डी बराड़ को आतंकी घोषित किया



**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्र सरकार ने कुख्यात गैंगस्टर गोल्डी बराड़ को आतंकी घोषित कर दिया है। गोल्डी बराड़ पर यह कार्रवाई यूएपीए के तहत की है। केंद्रीय गृह मंत्रालय की ओर से जारी नोटिस में कहा गया है कि गोल्डी बराड़ प्रतिबंधित खालिस्तानी संगठन बब्बर खालसा इंटरनेशनल से जुड़ा है। वह भारत में कई बड़े अपराधों में शामिल रहा है।बता दें कि गोल्डी बराड़ का नाम मशहूर पंजाबी सिंगर सिद्धू मुसेवाला की हत्या में सामने आया था। बता दें कि गोल्डी बराड़ गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई गैंग का मेन चेहरा है। इस समय वह कनाडा में छिपकर बैठा हुआ है और वहीं से अपनी अपराध की दुनिया को चला रहा है।

## नया साल, नया मिशन, इसरो ने लांच किया एक्सपीओसैट मिशन, श्रीहरिकोटा से भरी उड़ान

**श्रीहरिकोटा,एजेंसी।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने नए साल 2024 की शुरुआत एक नए मिशन के साथ की है।

इसरो ने सोमवार की सुबह श्रीहरिकोटा के अंतरिक्ष केंद्र से पीएसएलवी-सी58, एक्सपीओसैट, एक्स-रे पोलारिमीटर सैटेलाइट और दस अन्य पेलोड का परीक्षण किया। इसके लिए रविवार सुबह 08.10 बजे 25 घंटे की सुचारू उलटी गिनती शुरू हुई थी। इसरो के वर्कहॉर्स लांच वाहन ने दर्शकों के जोरदार उत्साह के बीच आज 09.10 बजे पहले लांच पैड से उड़ान भरी। गौरतलब है कि पांच साल के मिशन जीवन के साथ एक्सपोसैट आकाशीय स्रोतों से एक्स-रे उत्सर्जन के अंतरिक्ष-आधारित ध्रुवीकरण माप में अनुसंधान करने वाला इसरो का पहला समर्पित वैज्ञानिक उपग्रह है।



इसरो के पीएसएलवी-सी58 मिशन के साथ चार भारतीय स्टार्टअप भी अपने पेलोड अंतरिक्ष में भेजेंगे। ये पेलोड माइक्रोसेटेलाइट सबसिस्टम, सेटेलाइट को लक्षित ऑर्बिट में भेजने वाले थ्रस्टर्स, सेटेलाइट की रेडिएशन शील्ड कोटिंग से संबंधित हैं।

ये पेलोड पीएसएलवी के ऑर्बिटल एक्सपेरिमेंटल मॉड्यूल पर सैट किए जाएंगे, जो इन्हें पृथ्वी की निचली कक्षा में स्थापित करेगा।

## जापान में सिलसिलेवार भूकंप के 21 झटके, सडकों में आई बड़ी-बड़ी दरारें, अंधेरे में डूबे 34 हजार घर

**टोक्यो, एजेंसी।** जापान में नए साल का पहला दिन भयंकर तबाही लेकर आया है। सोमवार को सिलसिलेवार भूकंप के 21 झटके लगे, जिसके चलते भारी तबाही हुई। भूकंप के बाद समुद्र से उठ रही ऊंची लहरों से हड़कंप मच गया है, जिसके चलते सुनामी की चेतावनी जारी की गई है। साथ ही 34 हजार घर अंधेरे में डूब गए हैं। सड़कों पर बड़ी-बड़ी दरारें आ गई हैं।

जानकारी के अनुसार जापान में सोमवार को 4.0 से लेकर 7.6 की तीव्रता के 21 भूकंप आए। भूकंप से सड़कें टूट गईं और विद्युत आपूर्ती बंद हो गई। इस कारण लगभग 34 हजार अंधेरे में डूब गए। भूकंप के बाद लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जा रहा है। कई सड़कों को बंद करना पड़ा है। भूकंप से कई लोगों के घायल होने की सूचना है।

## बेंजामिन नेतन्याहू बोले- हमास को खत्म कर देंगे

### अपने बंधकों को वापस लाएंगे और युद्ध जीतेंगे

**यरुशलम, एजेंसी।** इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा है कि पिछले सप्ताह में इजरायल रक्षा बलों (आईडीएफ) ने एक सौ से अधिक फिलिस्तीनी आतंकवादियों को मार गिराया था। नेतन्याहू ने तेल अवीव में किर्या सैन्य अड्डे पर रविवार को बैठक ये बातें कहीं। उन्होंने कहा, "पिछले सप्ताह उन्होंने (सैनिकों ने) एक सौ से अधिक आतंकवादियों को मार गिराया। इस दौरान, एक दिन में 12 से अधिक आतंकवादी मारे गए। हम हमास को खत्म कर देंगे, अपने बंधकों को वापस लाएंगे और युद्ध जीतेंगे।"



वहीं, आईडीएफ के बयान के अनुसार इजरायली सैनिक दक्षिणी गाजा पट्टी में खान यूनिस में कार्रवाई जारी रखे हुए हैं। सैनिक बुनियादी ढांचे का पता लगाने और उन्हें नष्ट करने तथा नजदीक के युद्ध परिदृश्यों में फिलिस्तीनी आतंकवादियों को मारने के लिए बख्तरबंद, इंजीनियरिंग और वायु सेना इकाइयों के साथ संचालन का समन्वय कर रहे हैं।

इज़रायल के सरकारी प्रेस कार्यालय के एक बयान के अनुसार, सरकार ने रविवार को सर्वसम्मति से स्थानीय चुनावों को 27 फरवरी, 2024 तक स्थगित करने के आदेश पर हस्ताक्षर करने को मंजूरी दे दी। ये चुनाव गत वर्ष अक्टूबर में होने वाले थे। आईडीएफ डेटा का हवाला देते हुए बयान में बताया गया कि स्थगन इसलिए किया गया क्योंकि 688 रिजर्विस्ट ( जिन्हें छुट्टी नहीं दी जा सकती) 144 स्थानीय अधिकारियों के साथ कार्य में जुटे हैं।

## कांग्रेस ने टीटी को मंत्रिमंडल में शामिल करने पर चुनाव आयोग को सौंपा ज्ञापन

**जयपुर ,एजेंसी।** राजस्थान में कांग्रेस ने श्री गंगानगर जिले के करणपुर विधानसभा क्षेत्र में पांच जनवरी को होने वाले विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रत्याशी सुरेंद्रपाल सिंह टीटी को राज्य सरकार के मंत्रिमंडल में शामिल करने पर आदर्श चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन को लेकर चुनाव आयोग को ज्ञापन सौंपा है। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं प्रवक्ता स्वर्णिम चतुर्वेदी में बताया कि कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल ने चुनाव आयोग को प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा की ओर से भाजपा द्वारा आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन कर करणपुर विधानसभा क्षेत्र से विधानसभा उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी को राज्य मंत्रिमंडल में शामिल करने के विरोध में ज्ञापन सौंपा।

# भरत ने सुपर 10 अर्जित किया, रोमांचक मुकाबले में बेंगलुरु बुल्स ने तमिल थलाइवाज को हराया

नोएडा, यहां के स्टेडियम में रविवार को भरत का सुपर 10 एक बड़ा अंतर साबित हुआ, क्योंकि नोएडा इंडोर में प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) के सीजन 10 के मुकाबले में बेंगलुरु बुल्स ने दक्षिणी डर्बी में तमिल थलाइवाज को 38–37 से हरा दिया।

करीबी मुकाबले में मिली इस जीत के साथ बेंगलुरु बुल्स रविवार को साल का शानदार समापन करने में सफल रही।

जैसा कि पूरे मैच की रूपरेखा थी, मैच के पहले पांच मिनटों में यह एक करीबी बराबरी थी, क्योंकि उनके स्टार रेडर नरेंद्र ने थलाइवाज को बढ़त दिलाने के लिए मिले अधिकांश अवसरों का फायदा उठाया।

स्कोर 10–7 होने पर बेंगलुरु बुल्स के पास मैट पर सिर्फ तीन डिफेंडर थे। हालांकि, इससे उन्हें सुपर टैकल हासिल करने का पूरा मौका मिला, क्योंकि लेफ्ट कवर पार्टिक ने अजिंक्य पवार की रेड को असफल कर दिया।

इस संघर्ष ने प्रशंसकों को अपनी सीटों से बांधे रखा, क्योंकि दोनों दक्षिणी प्रतिद्वंद्वियों ने खेल को बहुत करीबी बनाए रखने के लिए नियमित रूप से एक–दूसरे से अंक जीते। नरेंद्र ने पहले हाफ में थलाइवाज के लिए अच्छा प्रदर्शन जारी रखा और अपनी टीम के लिए आधे से ज्यादा अंक जीते।



यह एक सुपर टैकल था, जिसने प्रतिद्वंद्वी रेडर पर शुरुआती पकड़ हासिल करने के बाद बेंगलुरु बुल्स को बचाया। लेकिन एक बार फिर, तमिलनाडु का प्रतिनिधित्व करने वाली टीम को पहले हाफ में आखिरी हार का सामना करना पड़ा, जब बुल्स के लिए भरत की असफल रेड ने थलाइवाज को ऑल–आउट अंक दे दिए, क्योंकि दूसरे 20 मिनट में स्कोर 20–17 हो गया।

पहले हाफ के कुछ मिनटों में एक सुपर रेड ने बेंगलुरु की टीम को अपने प्रतिद्वंद्वियों से ऊपर कर दिया। स्टार बुल्स के रेडर विकाश कंडोला ने मोहित, साहिल गुलिया और एम. अभिषेक को एक ही बार में आउट कर दिया, क्योंकि खेल की उतार–चढ़ाव भरी प्रकृति कार्यवाही पर हावी रही। एक टीम का एक अंक दूसरे से नकार दिया गया। फिर, यह थलाइवाज ही थे, जिन्होंने अपने सामने आए सुपर टैकल अवसरों का भरपूर फायदा उठाया।

सबसे पहले, विकास कंडोला को स्थानापन्न सागर ने रोका, और फिर बुल्स रेडर करो या मरो रेड में विफल रहा। इसके तुरंत बाद नीरज नरवाल को ईरानी अमीरहोसैन बस्तामी ने रोक दिया, क्योंकि थलाइवाज अंक लेकर भागने लगे।

जब मैच एक तरफ झुकता दिख रहा था, तो एक और ऑल–आउट, जिसमें इस बार बुल्स के लिए कंडोला सफल रहा, का मतलब था कि खेल निश्चित रूप से अंतिम पांच मिनट तक जाएगा, फिर भी अंकों के आधार पर बराबरी होगी।

थलाइवाज के लचीलेपन के बावजूद नरेंद्र ने शानदार सुपर 10 हासिल किया और कुल 12 अंकों के साथ अंत किया, यह बेंगलुरु बुल्स था जिसने अंततः सेम्मा दक्षिण भारतीय डर्बी में जीत हासिल की।

भरत के सुपर 10 के साथ–साथ नरेंद्र और अजिंक्य पवार जैसे साथियों के खिलाफ उनके साथियों के कुछ उत्कृष्ट बचाव ने यह सुनिश्चित किया कि बेंगलुरु की टीम नए साल में उत्साह के साथ प्रवेश करेगी।

## फेडरर ने मुझे सबसे ज्यादा प्रभावित कियाः नडाल

नई दिल्ली, 22 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन राफेल नडाल ने अपने करियर पर रोजर फेडरर के पड़े गहरे प्रभाव के बारे में खुलकर बात की। उन्होंने कहा कि स्विस दिग्गज को खेलते हुए देखकर वो सबसे ज्यादा प्रभावित हुए हैं। टेनिस में स्विट्जरलैंड के रोजर फेडरर और स्पेन के राफेल नडाल ऑल टाइम ग्रेट प्लेयर्स हैं। दोनों ही खिलाड़ी कोर्ट में अपनी बादशाहत कई बार साबित कर चुके हैं। नडाल ने अपने करियर में 40 बार फेडरर का सामना किया है। इनमें से 24 बार फाइनल में भिड़ंत हुई। उन्होंने स्विस स्टार के प्रति अपनी प्रशंसा व्यक्त की है।

स्पेनिश टेनिस आइकन का फेडरर के खिलाफ एक सराहनीय रिकॉर्ड है। उन्होंने 24 मैचों में जीत हासिल की, जबकि 16 में हार का सामना करना पड़ा।

आखिरी बार पुरुष एकल में 2019 विंबलडन सेमीफाइनल में दोनों भिड़े थे, जहां फेडरर एक रोमांचक मुकाबले में विजयी हुए थे। 37 वर्षीय नडाल ने 2022 में लेवर कप के दौरान फेडरर के आखिरी प्रतिस्पर्धी मैच में स्विस दिग्गज के साथ साझेदारी करते हुए उनके साथ कोर्ट भी साझा किया था।

फेडरर का जिक्र करते हुए नडाल ने कहा, वह एक ऐसे खिलाड़ी हैं जिसने मुझे सबसे अधिक प्रभावित किया है। फेडरर को खेलते हुए देखकर मुझे बहुत अच्छा लगता है। जोकोविच से अधिक मुझे फेडरर के खेल ने प्रभावित किया। यह टेनिस भावनाओं के बारे में है जो आपको इसकी ओर खींचती है। वर्तमान में ब्रिस्बेन इंटरनेशनल में भाग ले रहे नडाल 2 जनवरी को पूर्व यूएस ओपन चैंपियन डोमिनिक थिएम के खिलाफ अपने पहले दौर के मैच की तैयारी कर रहे हैं। 31 दिसंबर को पुरुष युगल में मैक्स की ऑस्ट्रेलियाई जोड़ी के खिलाफ मार्क लोपेज के साथ साझेदारी करते हुए उन्हें हार का सामना करना पड़ा। स्पैनिश स्टार की नज़र इस साल ग्रैंड स्लैम चरण में वापसी पर है।

# डेविड वॉर्नर ने वनडे क्रिकेट से भी लिया संन्यास



सिडनी, ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज डेविड वार्नर ने अपने टेस्ट करियर के अंत के साथ–साथ वनडे क्रिकेट से भी संन्यास की घोषणा कर दी है। डेविड वॉर्नर ने नए साल के पहले ही दिन वनडे क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर दी। सोमवार को आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट के दिग्गज डेविड वॉर्नर ने आधिकारिक तौर पर वनडे क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की। वॉर्नर ने वर्ल्ड कप 2023 के दौरान 50 ओवरों के प्रारूप से संन्यास लेने पर विचार किया था। वॉर्नर ने कहा, मैं निश्चित रूप से वनडे क्रिकेट से भी संन्यास ले रहा हूं। यह कुछ ऐसा था जो मैंने विश्व कप के दौरान सोचा। भारत में वर्ल्ड कप जीतना एक बड़ी उपलब्धि है।

वॉर्नर ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में 2025 चैंपियंसट्रॉफी का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा, मुझे पता है कि एक चैंपियंस ट्रॉफी आ रही है, और अगर मैं दो साल बाद भी अच्छा क्रिकेट खेलता हूं और उन्हें किसी की जरूरत है, तो मैं उपलब्ध रहूंगा। 37 वर्षीय वार्नर ने खुलासा किया कि वनडे से संन्यास लेने का उनका फैसला भारत में विश्व कप जीत के बाद लिया गया था, जहां उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के प्रमुख रन–स्कोरर के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। यह घोषणा तब हुई जब वार्नर अपने होम ग्राउंड में अंतिम टेस्ट मैच की तैयारी कर रहे हैं। हालांकि, वो टी20 खेलना जारी रखेंगे। वह टी20 क्रिकेट के लिए उपलब्ध रहेंगे और उनका लक्ष्य जून में कैरेबियाई और संयुक्त राज्य अमेरिका में होने वाले टी20 प्रारूप में ऑस्ट्रेलिया के विश्व कप अभियान में शामिल होना है। उन्होंने 22 शतकों सहित 45.30 की औसत से 6,932 रनों के शानदार रिकॉर्ड के साथ इस फॉर्मेट से संन्यास लेने का फैसला किया। वॉर्नर के बाद केवल रिकी पोंटिंग के नाम ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों में सबसे अधिक वनडे शतक हैं। भविष्य को देखते हुए, वार्नर ने फॉक्स क्रिकेट के लिए अपनी कमेंट्री प्रतिबद्धताओं के साथ अगले साल बिग बैश लीग (बीबीएल) खेलने में रुचि जताई।

# कमजोर टेस्ट टीम चुनने के लिए स्टीव वॉ ने की द.अफ्रीका की आलोचना

सिडनी, ऑस्ट्रेलिया के महान क्रिकेटर स्टीव वॉ ने न्यूजीलैंड दौरे के लिए कमजोर टेस्ट टीम की घोषणा करने के लिए दक्षिण अफ्रीका की आलोचना की है। उन्होंने यह भी कहा कि इस फॉर्मेट को लेकर देश की सोच देखकर वो चिंतित हैं।

दक्षिण अफ्रीका ने हाल ही में न्यूजीलैंड टेस्ट दौरे के लिए 14 सदस्यीय टीम की घोषणा की। कप्तानी सलामी बल्लेबाज नील ब्रांड करेंगे, जो टीम के सात अनकैप्ड खिलाड़ियों में से एक हैं टीम में कैप्ड टेस्ट खिलाड़ी बल्लेबाज डेविड बेडिंघम, जुबैर हमजा और कीगन पीटरसन होंगे, जो वर्तमान में भारत के खिलाफ श्रृंखला में खेल रहे हैं न्यूजीलैंड दौरे पर अन्य कैप्ड खिलाड़ियों में बल्लेबाज खाया ज़ोंडो, डुआन ओलिवियर और डेन पैटरसन की तेज़ गेंदबाज़ी जोड़ी और स्पिनर डेन पिड्ट शामिल हैं। क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका (सीएसए) ने घरेलू मैदान पर एसए20 लीग के दूसरे सीजन के साथ श्रृंखला के टकराव के कारण कमजोर टेस्ट टीम को मैदान में उतारने का फैसला किया है।

स्टीव वॉ ने कहा, जाहिर तौर पर उन्हें कोई परवाह नहीं है। दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेट बोर्ड अपने सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों को घर पर रखकर भविष्य के लिए क्या संकेत देना




चाहती है। अगर मेरे हाथ में होता तो मैं यह सीरीज भी नहीं खेलता। मैं नहीं जानता कि वे क्यों खेल रहे हैं। जब यह न्यूज़ीलैंड क्रिकेट के प्रति सम्मान की कमी दर्शाता है तो आप ऐसा क्यों करेंगे? वॉ ने द सिडनी मॉर्निंग हेराल्ड से कहा, यह स्पष्ट है कि समस्या क्या है। वेस्टइंडीज अपनी पूरी ताकत वाली टीम ऑस्ट्रेलिया नहीं भेज रही है। पिछले कुछ वर्षों से उन्होंने पूरी ताकत वाली टेस्ट टीम नहीं चुनी है। निकोलस पूरन जैसा कोई व्यक्ति वास्तव में एक टेस्ट बल्लेबाज है जो टेस्ट क्रिकेट नहीं खेलता है। जेसन होल्डर, शायद उनके सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी वो भी अब टेस्ट नहीं खेल रहे हैं। यहां तक कि पाकिस्तान ने भी ऑस्ट्रेलिया अपनी फुल स्ट्रेंथ टीम नहीं भेजी। तेम्बा बावुमा, एडेन मार्करम, हेनरिक, रासी, रबाडा, एनगिडी, केशव महाराज जैसे फ्रंटलाइन टेस्ट खिलाड़ी एसए20 में खेलेंगे, क्योंकि वे राष्ट्रीय कर्तव्यों पर होने के बजाय घर पर लीग में खेलने के लिए बाध्य हैं। वॉ यह भी चाहते हैं कि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) टेस्ट क्रिकेट खेलने को प्रोत्साहित करे ताकि इसे गंभीरता से लिया जाता रहे। वॉ ने कहा, अगर आईसीसी या कोई भी जल्द ही कदम नहीं उठाता है तो टेस्ट क्रिकेट धीरे–धीरे अपनी साख खो देगा।

# महिला क्रिकेट, भारत बनाम ऑस्ट्रेलियाः तीसरे वनडे मैच के लिए चुनी ड्रीम इलेवन

मुंबई, भारतीय महिला क्रिकेट टीम और ऑस्ट्रेलिया महिला क्रिकेट टीम के बीच 3 वनडे सीरीज का आखिरी मुकाबला 2 जनवरी को मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेला जाएगा।सीरीज में ऑस्ट्रेलिया 2–0 से आगे है। पहले मुकाबले में उन्हें 6 विकेट से जीत मिली थी और दूसरा मैच उन्होंने 3 रन से जीता था।ऐसे में भारतीय टीम आखिरी मुकाबला जीतकर क्लीन स्वीप से बचना चाहेगी।आइए इस वनडे की ड्रीम इलेवन और प्रीव्यू के बारे में जानते हैं।

भारतीय टीम तीसरे वनडे की प्लेइंग इलेवन में कुछ बदलाव कर सकती है। इस मैच में युवा तितास साधु को मौका मिल सकता है इसके साथ ही पिछले मैच में बाहर रहीं सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना की वापसी तय मानी जा रही है।संभावित एकादशः हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उपकप्तान), जेमिमा रोड्रिगेज, शफाली वर्मा, दीप्ति शर्मा, यास्तिका भाटिया (विकेटकीपर), अमनजोत कौर, पूजा




वस्त्राकर, स्नेह राणा, रेणुका सिंह ठाकुर और तितास साधु। ऑस्ट्रेलिया की टीम जीत का सिलसिला इस मैच में भी जारी रखना चाहेगी। ऑस्ट्रेलिया ने इससे पहले अक्टूबर 2023 में वेस्टइंडीज दौरे पर 3 मैचों की वनडे सीरीज को 2–0 से अपने नाम किया था।एलिसा हीली और बेथ मूनी के बल्ले से टीम एक बड़ा स्कोर देखना चाहेगी।संभावित एकादशः फोएबे लिचफील्ड, एलिसा हीली (कप्तान), एलिसे पेरी, बेथ मूनी, ताहलिया मैकग्राथ, एशले गार्डनर, एनाबेल सदरलैंड, अलाना किंग, किम गार्थ, मेगन शुट्ट और जॉर्जिया वेयरहैम।

अब तक दोनों टीमें आपस में कुल 52 वनडे मैचों में आमने–सामने हुई हैं, जिसमें से 42 मैच कंगारू टीम ने जीते हैं और 10 मैचों में भारत ने जीत दर्ज की है।ऑस्ट्रेलिया ने भारत के विरुद्ध वनडे में सर्वोच्च स्कोर 332 रन और सबसे कम स्कोर 77 रन बनाया है।आखिरी बार दोनों टीमें सीरीज के दूसरे वनडे में आपस में भिड़ी थी, जिसमें ऑस्ट्रेलिया ने 3 रन से जीत दर्ज की थी।मंधाना ने पिछले 9 मैच में 52.63 की औसत से 421 रन बनाए हैं। हरमनप्रीत के बल्ले से पिछले 10 मुकाबलों में 54.43 की औसत से 381 रन निकले हैं लिचफील्ड के बल्ले से पिछले 10 मैच में 41.38 की औसत से 331 रन निकले हैं। दिप्ती ने पिछले 10 मुकाबलों में 15 विकेट झटके हैं रेणुका ने पिछले 6 मैच में 13 विकेट अपने नाम किए हैं। गार्डनर ने पिछले 9 मैच में 19 विकेट झटके हैं।

विकेटकीपरः यास्तिका भाटिया।बल्लेबाजः एलिसे पेरी, स्मृति मंधाना (कप्तान),जेमिमा रोड्रिगेज और फोएबे लिचफील्ड। ऑलराउंडर्सः दीप्ति शर्मा (उपकप्तान), ताहलिया मैकग्राथ, एनाबेल सदरलैंड, एशले गार्डनर और पूजा वस्त्राकर।गेंदबाजः जॉर्जिया वेयरहैम।भारत और ऑस्ट्रेलिया की महिला टीमों के बीच यह मैच 2 जनवरी (मंगलवार) को मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेला जाएगा।इस मैच को भारतीय समयानुसार दोपहर 1:30 बजे से स्पोर्ट्स–18 नेटवर्क और जियो सिनेमा ऐप पर लाइव देखा जा सकता है।

**जयन्त**
**संस्थापक**
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
**नागेन्द्र उनियाल** द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
–सम्पादक
**नागेन्द्र उनियाल**
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382–222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail:
nagendra.uniyal@gmail.com